हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025



# स्वच्छता सर्वेक्षण टीम पहुंची शहर, निरीक्षण के साथ जनता से लेगी फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस वर्ष होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए शहर में स्वच्छता जांच टीम पहुंच चुकी है, जो अगले दो-तीन दिनों में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूम कर स्वच्छता की स्थिति का जायजा लेगी। वहीं शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर जनता का फीडबैक भी लेगी।

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए शहर में आज दो टीम पहुंच चुकी है और दो टीम आने वाली है। स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत चार टीमें शहर के अलग-अलग क्षेत्र में जाकर सर्वे करेगी।

इधर स्वच्छता सर्वेक्षण टीम आने से पहले ही नगर निगम ने शहर की बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए कमर कसी हुई थी। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा स्वयं सफाई व्यवस्था का जायजा लेने शहर के अलग-अलग वार्डों में पहुंच रहे थे। वहीं स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को बेहतर अंक दिलाने के लिए युद्ध स्तर पर स्वच्छता का कार्य किया गया। शहर के अघोषित मुक्कड़ों को हटाकर वहां सफाई कराई गई। वहीं सार्वजनिक सुलभ शौचालय की मरम्मत कराकर उसे बेहतर बनाया गया।

## सफाई व्यवस्था का आज जायजा लेगी टीम, निगम ने पूरी की तैयारी

### पिछड़ रहा निगम

पिछले कुछ वर्षों में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा है। जिसके चलते स्वच्छता रैंकिंग में शहर पिछड़ते जा रहा है। वहीं इस वर्ष नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने के लिए व्यापक तैयारी की गई है।



### जनता के फीडबैक से मिलेगी रैंकिंग

स्वच्छता सर्वेक्षण में जनता के फीडबैक के अनुसार ली गई जानकारी के आधार पर शहर की रैंकिंग तय होती है। इस दौरान जनता के दिए गए जवाबों से नगर निगम द्वारा किए गए स्वच्छता कार्यों की हकीकत भी सामने आती है।

### जनता से पूछेंगे सवाल

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए शहर पहुंची टीम द्वारा जनता से शहर की सफाई और स्वच्छता से जुड़े कई सवाल पूछे जाएंगे। जिसमें जनता से पूछा जाएगा कि क्या आप नगर निगम की डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन से संतुष्ट हैं?
क्या आप अपने शहर को पहले से अधिक साफ पाते हैं?
सार्वजनिक शौचालयों की सफाई व्यवस्था कैसी है? गीला-सूखा कचरा अलग-अलग लिया जाता है कि नहीं? शहर में अच्छी सफाई हो रही है या नहीं?
आप अपने क्षेत्र के आसपास कितनी बार कचरे के डंप या कचरे के ढेर देखते है?, स्थानीय अधिकारी सार्वजनिक स्थानों जैसे बाजारों, पार्कों, उद्यानों या अन्य क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने में कितने प्रभावी हैं, जैसे अन्य सवाल पूछेंगे।

---

## पानी की कमी से डिहाईड्रेड हो रहे लोग

# मार्च माह में भीषण गर्मी, पारा 38 डिग्री पार, बिगड़ रही सेहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मार्च महीना के दो सप्ताह ही हुए और अभी से ही गर्मी का तांडव देखने को मिल रहा है। आलम यह है कि अप्रैल-मई में पड़ने वाली गर्मी अभी से देखने को मिल रही है। अधिकतम तापमान बढ़कर 38 डिग्री को पार कर गया है। वहीं आगामी दिनों में इसमें और वृद्धि की संभावना जताई गई है। तापमान के चढ़ने का सीधा असर बच्चों एवं बुजुर्गों की सेहत पर दिखाई दे रहा है। परीक्षा के इस दौर में बच्चों के बीमार होने से पालकों को भी काफी परेशान होना पड़ रहा है।

इधर मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास स्थित है। प्रदेश में उत्तर से ठंडी हवा के आगमन होने की संभावना है। इस कारण प्रदेश में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है। उसके बाद कल न्यूनतम और अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश में इन अवधि में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ भारतीय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है, इस कारण अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है।

## फरवरी माह के समाप्त होते ही लू भरी हवाओं का दौर

### खास बातें

- ओपीडी में बढ़ रहे मरीज
- दोपहर में चुभ रही धूप
- शीतलपेय की मांग बढ़ी
- धूप से बचने स्कार्फ का सहारा



### अस्पताल में बढ़ी मरीजों की भीड़

स्थानीय सरकारी अस्पताल से लेकर निजी क्लीनिक में भी इन दिनों वायरल के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिले के अलग-अलग सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केंद्रों में जहां रोजाना ऐसे हजार से डेढ़ हजार मामले सामने आ रहे हैं। वहीं निजी क्लिनीक में भी ऐसे सैकड़ों मरीज पहुंच रहे हैं। मेडिकल संचालकों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों में हर 10 में से 7 मरीज सर्दी, खांसी, बुखार, पेट दर्द और लूज मोशन की दवा लेने पहुंच रहा है।

### डॉक्टरों की सलाहः धूप से बचे

लगातार बढ़ते मरीजों की संख्या को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पदस्थ एमडी मेडिसिन डॉ. प्रकाश खुंटे का कहना है कि बच्चों एवं बुजुर्गों को दोपहर के समय सीधे धूप के संपर्क में आने से बचना चाहिए। दोपहर में अगर कहीं जाना जरूरी हो तो सिर को सूती वस्त्र से ढंककर निकलना चाहिए, ताकि लू से बचाव रहे। इसके साथ ही तरल पदार्थों का सेवन बढ़ाया जाए, खानपान में भी ध्यान देना जरूरी है।

### बोर्ड सहित घरेलू परीक्षा जारी

ज्ञात हो कि फरवरी-मार्च का महीना स्कूलों में परीक्षा का महीना होता है। इस समय माशिमं की बोर्ड परीक्षा के साथ ही सीबीएसई की भी बोर्ड परीक्षाएं जारी है। इसके अलावा स्कूलों में घरेलू परीक्षाएं भी ली जा रही है। ऐसे में इस दौर में बच्चों के बीमार होने से पालकों को भी काफी परेशान होना पड़ रहा है। चिंताजनक यह है कि बीमार हो रहे बच्चों को स्वस्थ होने में पांच से सात दिन का समय लग रहा है।

### पानी में बैक्टीरिया बढ़ने से बीमारी

एक्सपर्ट की माने तो गर्मी बढ़ने के चलते पानी में बैक्टीरिया की संख्या में भी इजाफा हो जाता है। पानी में बैक्टीरिया बढ़ने का सीधा असर पेट पर देखने को मिलता है। चिकित्सकों के मुताबिक प्रदूषित पानी पीने की वजह से पेट में बीमारियां देखने को मिलती है। व्यक्ति को सर्वाधिक बीमारी पेट के खराब होने से ही शुरू होती है।

---

# मेयर मधु ने चेंबर में गंगाजल छिड़ककर की पूजा-अर्चना, जल संकट दूर करना होगा पहला फोकस!

## नकारात्मक बयानबाजी मेरे स्वभाव में नहीं, जब कोई बोलेगा तभी बोलूंगा : मधुसूदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते 8 मार्च को शपथ ग्रहण करने के बाद आज महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने महापौर चेंबर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और गंगाजल छिड़ककर कार्यालय का शुद्धिकरण किया।

पदभार ग्रहण करने पहुंचे महापौर मधुसूदन यादव ने मेयर की चेयर पर बैठते ही जनहित के मुद्दों को लेकर गंभीरता दिखाई। उन्होंने वर्तमान समय में शहर में व्याप्त जलसंकट को लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा करने की बात कही।

महापौर मधुसूदन यादव द्वारा नगर निगम पहुंचकर पदभार ग्रहण करने के दौरान नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के पार्षदगण और नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।



### पेयजल प्राथमिकता

महापौर का पदभार ग्रहण करते ही महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि आज से काम की शुरूआत हम कर रहे हैं। शहर में जो एक समय पानी की सप्लाई हो रही है, इसे दो समय करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नगर निगम के पास जो संसाधन है, उसी से हम आगे बढ़ेंगे और इसके बाद अपने संसाधनों को भी बढ़ाएंगे।

### पिछला छोड़ आगे बढ़ना है

पिछले 5 वर्ष के कार्यकाल में राजनांदगांव नगर निगम में विकास के मामले को लेकर उन्होंने कहा कि हमें पीछे नहीं देखना है। आज हम जहां खड़े हैं, वहीं से आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि नकारात्मक बयानबाजी और नकारात्मक राजनीति मेरे स्वभाव में नहीं है, जब कोई बोलेगा तभी बोलूंगा।

### जनता का जताया आभार

महापौर मधुसूदन यादव ने पदभार ग्रहण करने के दौरान शहर की जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह जनता के आभारी हैं, जनता ने उन्हें बड़ा मैंडेट देकर महापौर बनाया है। उन्होंने कहा कि हम जनता की उम्मीद पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह, नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव, उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा और सांसद संतोष पांडे के सहयोग से शहर में बेहतर विकास कार्य करेंगे।





नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।


---

माए एंगल




# नहीं उतरी होली की खुमारी, गायब रहे आधे कर्मचारी

**राजनांदगांव।** शासकीय दफ्तरों में अब तक होली की खुमारी नहीं उतरी है। यहां होली अवकाश के बाद आज कार्यालय खुलने पर भी कई दफ्तर में कर्मचारी नहीं पहुंचे और कुर्सियां खाली रही। बीते शुक्रवार को होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं शनिवार और रविवार शासकीय अवकाश होने के बाद आज सोमवार को दफ्तर खुलने के बाद भी दफ्तरों से कई अधिकारी और कर्मचारी नदारद रहे।

**कर्मचारीविहीन कुर्सियां**

तीन दिनों के अवकाश के बाद भी चौथे दिन शासकीय कामकाज अधिकांश दफ्तर में सुचारू नहीं हुआ है। दोपहर लगभग 4.30 बजे लोक निर्माण विभाग कार्यालय की अधिकांश कुर्सियां कर्मचारीविहीन नजर आई।



### कर्मचारियों को ढूंढते रहे

होली अवकाश के चलते तीन दिनों तक शासकीय कार्यालय बंद रहने की वजह से लोगों के काम अटके हुए थे। कार्यालय खुलने के बाद काम होने की उम्मीद लेकर आज जब लोग शासकीय दफ्तर में पहुंचे तो वह कर्मचारियों को ढूंढते रहे। लोक निर्माण विभाग से लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय और कंपोजिट बिल्डिंग के कई कार्यालयों में कर्मचारी होली का अवकाश मनाकर ही नहीं लौटे। वहीं कुछ कर्मचारी सुबह अपनी हाजिरी भरकर वापस लौट गए।

---

## जल संकट से जूझ रहे शहर के लिए राहत भरी खबर

# एक दिन के अंतराल में दो टाइम पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मार्च माह आधा बीत चुका है और गर्मी की शुरूआत हो गई है, लेकिन फरवरी के अंतिम महीने और मार्च के शुरूआती दिनों से हुई जल संकट की स्थिति शहर में अभी भी बरकरार है। नगर निगम द्वारा एक माह पहले ही अन्य जलाशयों से पानी लिया गया। इसके बाद भी शहर के लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। वहीं बीते 8 मार्च से शहर में दोनों टाइम सुबह और शाम होने वाली पेयजल सप्लाई को एक समय करते हुए सिर्फ सुबह 07 बजे ही जलापूर्ति की जा रही थी। जिस पर अब नगर निगम द्वारा अल्टरनेट व्यवस्था की जा रही है। अब शहर के लोगों को एक दिन के आड़ में दो टाईम जलापूर्ति की जाएगी।

⏩ शेष पेज 11 पर



### कम समय मिल रहा पानी

शहर में अभी एक समय ही जलापूर्ति का जा रही थी। उसमें भी नल की पतली धार और महज 10-15 मिनट ही पानी मिलने से पेयजल की व्यवस्था तो हो रही थी, लेकिन नहाने और कपड़े धोने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा था। जिसके चलते समस्या हो रही थी।

### सुबह 1 घंटे और शाम को 40 मिनट मिलेगा पानी

शहर में पेयजल की नई व्यवस्था के तहत अब मंगलवार से एक दिन के आड़ में दो समय पानी सप्लाई की जाएगी। इस व्यवस्था में सुबह 1 घंटे और शाम को 40 मिनट वाटर सप्लाई होगी। वहीं दूसरे दिन सिर्फ सुबह 1 घंटे ही जलापूर्ति होगी। वहीं अगले दिन फिर से दो टाईम पानी मिलेगा।

### वार्डों में रखेंगे टंकी

फिलहाल एक समय नल के माध्यम से जलापूर्ति हो रही है। वार्डों में पेयजल टंकी रखने की व्यवस्था भी की जाएगी। एक दिन के अंतराल में दो टाईम पानी दिया जाएगा

- **अतुल विश्वकर्मा,** आयुक्त, नगर निगम

## खबर संक्षेप



### प्रधान पाठक को दी विदाई

**मुरमुंदा।** उरईडबरी मे संकुल प्राचार्य राजकुमारी जैन, संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार की अगुवाई में पुरणलाल साहू के सेवानिवृत्त होने पर कार्यक्रम आयोजित कर श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर ससम्मान विदाई दी गई। इसी प्रकार पदोन्नत टिकेश्वरी चन्द्रवंशी, पंचराम साहू एवं अजय कुमार शर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीआरसी इनायत अली ने शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यो की सराहना किया। अभिनंदन पुष्प का वाचन प्रमोधदास सिरदार ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन राजकुमारी जैन एवं संचालन धनुष राम कंवर ने किया।

### महिलाओं का किया सम्मान



**बांधाबाजार।** योग समिति ने गांव की महिलाओं का उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया। योग भवन में आयोजित कार्यक्रम की शुरूवात में दीप प्रज्ज्वलन किया गया। योगाचार्य रंजन साहू ने महिलाओं की समाज और परिवार में भूमिका पर प्रकाश डाला। संचालन डीके राम ने किया। इस मौके पर श्री देशमुख, सोमदत्त साहू, वैभव शर्मा उपस्थित थे।

### 8वीं के छात्रों को विदाई



**बांधाबाजार।** पूर्व माध्यमिक शाला ब्राम्हणभेड़ी में कार्यक्रम आयोजित कर कक्षा 8वीं के छात्रों को ससम्मान विदाई दी गई। प्रधानपाठक ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें चुनौतियों का सामना करने की सीख दी। इस मौके पर शिक्षक कपिलनाथ जोशी, दुलेश्वर साहू, कैलाश कश्यप, परिहार, सोमदत्त साहू एवं शाला समिति के अध्यक्ष धनराज उईके , चैनसिंह साहू, अनिल साहू, नारायण पटेल, गिरधर यादव , बोधीराम भुआर्य एवं सरपंच नुमेश ठाकुर उपस्थित थे।

### कार्यभार किया ग्रहण

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत अछोली में 15 मार्च को सरपंच नंदकुमार साहू ने पूर्व सरपंच मनीषा नेताम से पंचायत का कार्यभार ग्रहण किया। सभी देनदारी, लेनदारी के साथ गांव के सार्वजनिक संपत्ति की सूची सचिव राजू वर्मा, पूर्णिमा मांडवी, पुखराज साहू, मूलचंद साहू, खेमचंद सहारे, सुप्रिया रानी गुप्ता, खिलेश्वरी साहू, मुन्ना यादव, ज्योति नेताम, पारख साहू, सुनीता साहू, पूर्णिमा साहू, भंवरसिंग, सूर्या मानिकपुरी, भागचंद वर्मा, खुशबु साहू, ईश्वरी साहू, मोहनीश साहू, वंदना यूईके, जीना सड़ेकर, उपकार दास साहू रेखराज वर्मा, चुम्मन दास साहू की उपस्थिति में सौंपा गया।



## निधन

### हरपाल सिंग

**डोंगरगढ़।** बुधवारी पारा निवासी सरदार हरपाल सिंग का 62 साल की उम्र में निधन हो गया। हसमुख मिजाज के मिलनसार श्री सिंग कई दिनों से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया।



### इंदिरा वर्मा

**डोंगरगढ़।** संगीत के क्षेत्र से जुड़े आशु बख्शी उर्फ संतोष बख्शी की धर्मपत्नी इंदिरा वर्मा बख्शी का निधन हो गया। श्रीमती बख्शी शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी थी। वह काफी समय से अस्वथ्य थी। श्रीमती बख्शी के निधन पर विभिन्न संस्थाओं ने शोक व्यक्त किया है।



## नियमितीकरण की मांग सालों से लंबित

# सचिवों के बेमियादी हड़ताल में जाने से पंचायतों में आज से लटकेगा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

पंचायत चुनाव हुए अभी चंद दिन ही हुए हैं और ग्राम पंचायतों में कल 18 मार्च से तालाबंदी की नौबत आ जाएगी। ब्लाक के सभी पंचायत सचिव नियमितिकरण सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने वाले हैं।

पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष रामदुलार साहू ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने मोदी की गारंटी के तहत पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया था। भाजपा ने 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दिया था। इस संबंध में गत 7 जुलाई को इंडोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री, महिला बाल विकास मंत्री, घोषणा पत्र के संयोजक सांसद ने पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को आवश्यक मानते शीघ्र ही शासकीयकरण करने का भरोषा दिया था।



### बजट में जिक्र नहीं

श्री साहू ने बताया कि प्रदेश के पंचायत सचिवों को विश्वास था कि प्रतिवेदन के अनुसार बजट में उन्हे सौगात दिया जाएगा किन्तु बजट में इस विषय पर कोई पहल नहीं किया गया है। अपनी उपेक्षा से पंचायत सचिव क्षुब्ध एवं आकोशित हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत सचिव संघ ने कल 18 मार्च से ब्लाक मुख्यालय में अनिश्चित कालिन हड़ताल तथा आगामी एक अप्रैल को को मंत्रालय का घेराव करने का निर्णय लिया है। उन्होंने समस्त सचिव से अनिश्चितकालीन हडताल पर शामिल होने का आव्हान किया है।

### कमेटी में उलझी मांग

जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मोदी की गारंटी को पूरा करने तत्काल कमेटी गठन करने की घोषणा करते हुए शासकीयकरण करने का वादा किया था। मुख्यमंत्री की के घोषणा अनुरूप गत 16 जुलाई को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने समिति का गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा था। आदेश के परिपालन में कमेटी ने पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है जिस पर अब तक अपेक्षित फैसला नहीं हुआ है।

## मासूम की जान बचाने सरपंच दंपत्ति ने किया रक्तदान

**तुमड़ीबोड़।** ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत ओडरबांध में दूसरी बार निर्वाचित सरपंच सुनीता साहू और उनके पति नरेंद्र साहू बीते दिनों एक मासूम के लिए रक्षा कवच बन कर सामने आए। सरपंच सुनीता नरेन्द्र साहू ने बीते मंगलवार को गांधी हास्पिटल मे भर्ती 10 वर्ष ओजस्वी साहू जो बहुत कमजोर हो गई थी। उसे डाक्टर के अनुसार 5 युनिट ब्लड की आवश्यकता थी। ओजस्वी की हालत और उसकी जान बचाने के लिए बिना देर किए उन्होंने लाइफ लाइन ब्लड सेंटर जाकर ब्लड डोनेड करने फैसला लिया। साहू दम्पत्ति का कहना है कि उनका खुन किसी के जिंदगी बचाने में काम आए इससे बड़ी कोई उपलब्धि नहीं हो सकती है। श्रीमती साहू ने कहा कि ज़ब कभी जरूरत होगी वह मदद करने का प्रयास करेंगी।



## सुरक्षा बलों ने किया सेवा कार्य

**छुईखदान।** नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायीक सहभागिता बढ़ाने और ग्रामवासियों की जरुरतों को पूरा करने की दिशा में सक्रिय केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल ने व्यापक नागरिक कार्यक्रम शुरू किया है। सुरक्षा उपायों को बढ़ाने और लोगों के विकास और कल्याण में योगदान देने के उद्देश्य से शुरू किए गए कार्यक्रम के तहत 15 मार्च को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल मलैदा ने नक्सल प्रभावित ग्राम भाचे, जुरलाखार, कधीचेहरा, बोराडीह और मलैया में कमाडेंट अनंत नारायण दत्ता के नेतृत्व में सिविक एक्शन प्रोग्राम एवं मेडिकल कैम्प का आयोजन किया। इस मौके पर गरीब परिवारों को आवश्यकतानुसार 7 साइकिल, 1 ट्राईसाइकिल, 33 साडी, 20 कम्बल, 20 लुंगी, 47 तौलिया वितरित किया गया। इस दौरान आयोजित मेडिकल कैम्प में 35 महिला 34 पुरुष तथा 26 बच्चों की जाँच की गई एवं आवश्यक दवाईयों वितरित की गई। इस दौरान डॉ अनुराधा ग्रावालिकर, निरीक्षक मनोहर सिंह, मेडिकल ब्रांच की टीम, सरपंच, पंच एवं ग्रामीण मौजूद थे।



# जनता की राय से तय करेंगे विकास की दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बिना प्लानिंग के निर्माण करने के कारण बीते 15 साल में करोड़ो खर्च करने के बाद भी शहर में बुनियादी सुविधाओं का विकास नहीं हो पाया हैं। अब प्रयास होगा कि शहर और लोगों क़ी जरूरत के साथ भविष्य क़ी संभावना को ध्यान मे रखकर प्राथमिकता तय कर काम किया जाए ताकि शहर क़ी सूरत बदल सके।



उक्ताशय क़ी बातें नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा। उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर उन्होंने कहाँ कि भाजपा के सभी पार्षद उन्हें उपाध्यक्ष बनाने के फेवर में थे। उनके चयन को लेकर कहीं भी विरोधाभाष नहीं था, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण यह हैं कि अध्यक्ष सहित भाजपा के सभी 11 पार्षदों ने उनके पक्ष में मतदान किया। अच्छी बात यह रही निर्दलीय पार्षद ने भी आगे बढ़कर उनका समर्थन किया जिसके चलते उन्हें 12 के बजाए 13 वोट मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 15 साल के कार्यकाल में करोड़ों का आबंटन मिला किन्तु तत्कालीन प्रतिनिधियों ने केवल अपने हित में काम किया यही वजह रही कि लोग सुविधाओं से वँचित होते गए साथ ही शहर का व्यापार और व्यवस्था चौपट होते गई। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में शहर के सभी वर्ग के लोगों से बात कर दूरगामी प्लान तैयार किया जाएगा ताकि हमारा शहर अन्य के जैसा विकसित हो सके।

### गुणवत्ता पर फोकस

सड़क- नाली के घटिया निर्माण पर कहा कि कि तत्कालीन प्रतिनिधियों ने केवल अपने फायदे को ध्यान मे रखकर काम कराया है जिसका ही परिणाम है कि कुछ ही महीनो में डामर और सीसी रोड नष्ट हो गई। कुछ ऐसी जगहों पर भी सीसी रोड बना दिया गया जहां लोगों की आवाजही नहीं हैं। नाली के निर्माण में पानी कि निकासी का भी ध्यान नहीं रखा गया। नालिया ऐसी बनी है कि पानी बहता नहीं केवल भरता है।

### व्यवसायिक विकास को प्राथमिकता

श्री गुप्ता का कहना हैं कि बेसिक के साथ नगर में व्यवसायिक विकास भी जरूरी हैं। नगर के बाजार को सुविधाजनक बनाने का प्रयास किया जाएगा ताकि लोगों को खरीदी करने लिए भटकना न पड़े। शहर के युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए विभिन्न स्थानों पर व्यवसायिक परिसर निर्माण का प्लान बनाया जाएगा।

# रमजान की सोलहवीं अफ्तरी का जश्न

**डोंगरगांव।** माहे रमजानुल मुबारक का पंद्रह रोज़ा अमनो चैन के साथ गुजरने की खुशी में उल्हास के साथ सोलहवीं रमजान की अफ्तारी का जश्न मनाया गया।

सत्रहवीं तराबी के साथ कुरान शरीफ की अठठारह पारा हाफिज वाकारी जनाब मो वारिस जमाल अमरछी जिला पन्ना ने दिलचस्प अंदाज में सुनाकर मुकम्मल किया। इंतेजामिया कमेटी के मेंबर महमुदूल हसन के जानिब से इफ्तार का इंतजाम जामा मस्जिद ग्राउंड में किया गया। बड़ी संख्या में रोजेदारों ने इफ्तार किया। यहां पहले से तीस रमजान तक इंतेजामियां इफ्तार के जानिब से खाने और इफ्तार का इंतजाम किया जाता है जिसका सभी रोजेदार लुत्फ उठाते हैं। प्रोग्राम के बाद इंतेजामियाँ कमेटी के सदर रफीक खत्री, सेकेट्ररी डॉ बशीर अहमद खान, खजांची समीम अंसारी, महमुदूल हसन, नजीर तंवर, रियाजुद्दीन सोलंकी, युनुस सिद्दीकी, आरिफ सोलंकी, इरफान बडगुजर, इकबाल तंवर, पीर मोहम्मद, समसुद्दी, सद्दाम खत्री, असफाक तंवर आदि कार्यकर्ताओं ने हाफिजोकारी वारिस जमाल, नायब इमाम सफात रसूल को मुबारक बाद पेश किया। यह जानकारी मिडिया प्रभारी फिरोज हसन रिजवी ने दी।



# नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया विशिष्ट महिलाओं का सम्मान

**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में महिलाओं को सम्मानित करने कार्यक्रम आयोजित या गया। यह आयोजन नगर पंचायत, आकाश महिला एवं विद्यार्थी कल्याण संस्थान के तत्वावधान में रखा गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, अति विशिष्ठ अतिथि जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, नपं अध्यक्ष देवेंद्र साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, चिचोला थाना की श्रीमती शीला, निर्मलाबाई सिन्हा, वर्षा गेडाम थी।

अतिथियों ने माँ बम्लेश्वरी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम संयोजक पुष्पा सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत किया। कक्षा 3 री की छात्रा पूर्वी सिन्हा ने भारत नाट्यम नृत्य किया। इस मौके पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि महिलाएं सभी क्षेत्रों में अनवरत कार्य कर सफलता के झंडे गाड़ रही है। महिलाओं ने अपने परिश्रम के बल पर देश के चहुंमुखी विकास में अपना योगदान दिया है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू ने कहा कि सभ्यता के प्रारंभ से महिलाओं ने अपने विभिन्न रूपों में सेवा करते रही है जो आज भी जारी है। नपं अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने कहा कि वह महिला सशक्तिकरण हेतु सदैव प्रयासरत रहे हैं। उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं को धन्यवाद दिया। इस मौके नी श्रीमती गेडाम, श्रीमती सिन्हा, शीला, जितेंद्र सिन्हा, ड्रोन दीदी, करुणा सिन्हा , डॉ. आलिया नाज, कुसुम साहू, सावित्री अग्रवाल, दीपिका ध्रुवे आदि ने संबोधित किया। इस दौरान कुसुम साहू, रीना सिन्हा, ऊमा साहू, कुसुम इक्का, रोजलिन सैमुएल, सुमित्रा विश्वकर्मा, तोमेश्वरी निषाद, ममता मंडावी, अगसिया निषाद, मोनिका साहू, मोनिका तराम, रानू साहू, सुनीता साहू, केसर ठाकुर, जानकी साहू, भानु साहू, परमिला साहू, यशोदा भाई, कीर्ति भाई, दीपिका ध्रुवे, लक्ष्मी सिन्हा, चंद्रा सिन्हा, सुनीता साहू, दामिनी साहू, प्रभा सिन्हा, दुर्गा पटेल, रामशिला साहू, डॉ. आलिया नाज, सावित्री अग्रवाल, रिंकी रजक, निकिता ताम्रकार, ममता पटेल,दीपिका पटेल, तरुणा साहू, चंद्रा सिन्हा, मनीषा ताम्रकार, सुल्ताना, आरती सिन्हा, माया साहू, मधु सिन्हा, ममता पटेल, लता देवांगन, रोहिणी साहू, भुनेश्वरी कंवर, निकिता ताम्रकार, अनिता विश्वकर्मा, इंदिरा यादव, बसंती नेताम, नंदेश्वर पड़ौती, दुर्गा पटेल, उर्मिला ढीमर, किरण देवांगन आदि उपस्थित थे। संचालन श्री अविनाश सिंह एवं धनेश सिन्हा ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन पुष्पा सिन्हा ने किया।



# प्रतिनिधियों ने रखी शिकायतें

**चिचोला।** पुलिस चौकी प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने चौकी में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से मुलाकात का आयोजन रखा। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी सरपंच, पंच, कोटवार, ग्राम पटेल सहित युवा उपस्थित थे। इस मौके पर ग्रामीणों ने अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों की बिक्री, स्कूलों के पास संचालित ठेलो में जुआ सट्टा लिखने आदि की जानकारी चौकी प्रभारी को दी। ग्रामीणों ने नशे में धुत होकर वाहन चलाने के कारण होने वाली दुर्घटना की ओर ध्यान आकर्षित किया। पूर्व में रंगीटोला में ऐसी घटना सामने आ चुकी है। नशे के कारण नाबालिकों का एक्सीडेंट हो गया था जिसमें तीन गंभीर रूप से घायल हुए थे और एक की मृत्यु हो गई थी। दुर्घटना होने के कारण भी इस पर रोक नहीं लगाया जा रहा है। विनोद मंडलोई ने में लगातार चोरी जैसे घटनाएं होने का मामला उठाया। आए दिन घरों एवं दुकानों के ताले टूट रहे हैं।

रानीतालाब के सरपंच रामकुमार नेताम ने बताया कि कई शिकायतों के बाद भी पुलिस सिर्फ आश्वासन देती है और कुछ नहीं करती है। पांच सालों में कई चौकी प्रभारी आए और चले गए पर उनकी शिकायतों का समाधान नहीं हुआ। नेशनल हाइवे पर संचालित ढाबा में डीजल और बायो डीज़ल, शराब की बिक्री हो रही है। कई शिकायतों के बाद भी कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। मौजूद पंच सरपंचों ने शिकायत को सही ठहराते हुए ढाबों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कहा।

**जमीन लीज पर देना है**

श्रीराम मंदिर कमेटी बांधाबाजार की 20 एकड़ जमीन लीज पर देना है।

- संपर्क करें -
मो. नं. 9406483825, 9098529006

**कॉल सेंटर में भर्ती**
तुरंत ज्वाइन करें
- पोस्ट- कस्टमर सपोर्ट एक्जीक्यूटिव
- योग्यता- 10वीं पास/ग्रेजुएट अंडर ग्रेजुएट,
- सैलरी+इंसेंटिव
- फ्रेशर्स और एक्सपीरियंस दोनों अप्लाई कर सकते हैं।
- लोकेशन- सृष्टि कालोनी, कमला कॉलेज रोड, राजनांदगांव

- अभी कॉल करें -
7880173103

# विप्र ब्राम्हण समाज ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विप्र भवन में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर समाज के वरिष्ठजनो की उपस्थिति में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों सहित अन्य शामिल हुए। आगामी 30 अप्रैल को मनाए जाने वाले श्री परशुराम जन्मोत्सव के लिए आगामी दिनों में समाजिक बैठक रखने का निर्णय लिया गया।

बैठक में वृहद आयोजन की रूपरेखा बनाई जाएगी। होलिका मिलन पर अध्यक्ष अनिल पांडे, सीएम ओझा, राजेंद्र गर्ग, प्रमोद शुक्ला, अशोक पांडे, ओम प्रकाश पांडे, महेश तिवारी, लक्ष्मी नारायण पांडे, शशांक उपाध्याय, अमिताभ पांडे, अनिताब पांडे, वासुदेव पांडेय, लक्ष्मण पांडे, उत्कर्ष मिश्रा, एसआर राय, शिरिष पांडे, रामप्रवेश शुक्ला, विष्णु उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित थे।



# जागृति ने वोटरों का जताया आभार

- कहा- सब मिलकर करेंगे गांव का विकास

**डोंगरगांव।** जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक छह से लगातार दूसरी बार नवनिर्वाचित जागृति चुन्नी यदु ने शनिवार और रविवार को सघन दौरा करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं से रूबरू मुलाक़ात किया और मतदाताओं का आभार जताया।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद श्रीमती यदु ने बम्हनीभांठा, अरसीटोला, कोकपुर, आसरा, दर्राबांधा, तेंदूनाला, विचारपुर नवागांव, सांगिनकछार, तिलईरवार, रविवार को आरी, दीवानभेडी, मचानपार, खैरी पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर श्रीमती यदु ने क्षेत्रवासियों को होली की बधाई देते हुए चुनाव में दिन रात कड़ी मेहनत कर जीत दिलाने के लिए भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ का आभार जताते हुए कहा कि सभी ने जिस उम्मीद के साथ सहयोग किया हैं उसे पूरा करने का पूरा प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद सभी पंचायत प्रतिनिधि को मिलकर गाँव की मूलभूत समस्याओं का निराकरण करना है साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से पात्र लोगों लाभान्वित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जनपद अध्यक्ष रंजीता पड़ोती, चुन्नी यदु सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।



# गांवों में दिखे होली के अनूठे रंग

**तुमड़ीबोड़।** होली के मौके पर क्षेत्र में धर्म, संस्कृति और राजनीति का अनूठा संगम देखने मिला। विभिन्न गांवों में आयोजित फ़ाग प्रतियोगिता में जिला किसान कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष मदन साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जनपद सदस्य सरिता साहू खास मेहमान के तौर पर शामिल हुई। जनपद सदस्य श्रीमती साहू ने आरगांव में फाग गायन स्पर्धा का शुभारंभ किया। इस मौके पर आयोजन समिति ने भगवान श्री राम का चित्र भेंट किया। श्रीमती साहू ने कोपेडीह, मचानपार, आरगांव, खैरी में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसी प्रकार तुमडीबोड में फाग प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में सरपंच भुनेश्वरी साहू, अमरोतन साहू आदि के साथ मंच साझा किया। उन्होंने पेटेश्री में आयोजित फाग गायन स्पर्धा के समापन में भाग लिया। इस दौरान लीकेश गंधर्व, बीरसिंग कंवर, तुलेश्वर साहू, बिनाधर वर्मा, पुनीत वर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा, भुवनेश्वर वर्मा, खेमू वर्मा, विशेषर साहू, खेलूदास साहू, हेमराय कुंभकार, संतोष साहू, उर्वशन साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सड़क अतरिया में संकुल स्तरीय बैठक आयोजित

**सड़क अतरिया।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में बुधवार को संकुल केन्द्र सड़क अतरिया में केन्द्रीय कृत परीक्षा, उल्लास साक्षर महा परीक्षा को लेकर पालक एवं शिक्षकों का बैठक आहूत किया गया। बैठक में अतरिया संकुल के अलावा खैरबना एवं संड़ी स्कूल के शिक्षक शामिल हुए। बैठक में केंद्रीयकृत परीक्षा कक्षा 5 और 8 वी बोर्ड की जानकारी बच्चों के पालकों को दिया गया। तंबाखू मुक्त शाला आदि विषय पर चर्चा किया गया। उल्लास साक्षर भारत अभियान तहत 23 मार्च को महापरीक्षा का व्यापक प्रचार प्रसार और शत प्रतिशत असाक्षर को परीक्षा में शामिल करने का लक्ष्य तय किया गया। बैठक में संकुल समन्वयक नंदकिशोर वैष्णव, दयाराम धुर्वे, पूरन बंजारे, दिलीपसिंह, हृदयराम, खैरागढ़ डाइट से व्याख्याता विद्याकांत महोबिया, तीनों संकुल के प्रभारी शिक्षक, पालक, शिक्षा समितियों के अध्यक्ष, सदस्य, सरपंच एवं पंच मौजूद थे।

### जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि का सम्मान



**गंडई पंडरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष रियंका खम्हन ताम्रकर की जीत के बाद उनके प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकर का गंडई में शिवमहापुराण समिति के सदस्यों ने जोरदार सम्मान किया। खम्हन ताम्रकर जो अनुभवी भाजपा नेता हैं। वह विभिन्न पदों पर रहते हुए क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं। रविवार को समिति के सदस्यों ने खम्हन ताम्रकर को तिलक लगाकर और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने उनसे क्षेत्र के विकास के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया। इस समारोह में पुष्पेंद्र देवांगन, अनिल जैन, मुकेश पटेल, गौरव अग्रवाल, ऋषभ ठाकुर, राजू देवांगन, धरमु पटेल, हरि जंघेल, खेम शंकर साहू और अन्य उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों को दी बिदाई



**छुईखदान।** ग्राम पंचायत भोथली की प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला में 12 मार्च को कक्षा 5 वी और 8वी के विद्यार्थियों को समारोह पूर्वक बिदाई दी गई। इस मौके पर न्योता भोज का आयोजन कक्षा 7वीं की छात्राओं ने किया। इस अवसर पर माध्यमिक शाला के प्रभारी भूपेंद्र कुमार साहू, चंद्रप्रकाश धृतलहरे, गिरारमन माली, प्रधानपाठक संजय धुर्वा, फिरंता मरकाम उपस्थित थे। शिक्षकों ने बच्चों को जीवन के लक्ष्य को ध्यान में रखकर बेहतर चरित्र निर्माण करने प्रेरित किया। इसके पश्चात बच्चों को उपहार भेट किया गया। कक्षा 8वी के विद्यार्थियों ने शाला को मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट किया।

### युवक की हत्या से सनसनी पुलिस जांच में जुटी

**छुरिया।** ग्राम पैरीटोला में एक युवक की हत्या होने की खबर है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस मामले में जाच पड़ताल की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पैरीटोला में योगेन्द्र कंवर पिता गोविंदराम उम्र लगभग 22 वर्ष अपने घर में मृत अवस्था में मिला। बताया गया कि सिर पर गंभीर चोंट के निशान है। पुलिस के अनुसार योगेन्द्र की सौतेली मां सुबह के समय घर से मौहा बीनने के नाम पर गई थी। घर आकर देखी तो योगेन्द्र सोये स्थिति में पड़ा हुआ है। इसकी सूचना पुलिस को मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जांच पड़ताल की। छुरिया पुलिस के अनुसार युवक के सिर पर गंभीर चोंट के निशान हैं। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल एवं पूछताछ कर रही है।

## सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाया होली पर्व

# होली पर दिखी रियासतकालीन झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

प्रति वर्ष की भांति इस बार भी रियासत कालीन नगर मे भी सनातनी होली पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। यहां यह बाताना जरूरी है कि नगर में दूसरे शहरो की तरह होलिका दहन सीधे तौर पर नही किया जाता।

नगर की उत्तर पूर्वी छोर पर स्थित कंडरा पारा में रियासतकालीन परंपरा अनुसार सबसे पहले कुंवारी होली जलाई जाती है, जिसे राजा साहब द्वारा जलाया एवं विद्वान ब्राह्मण द्वारा विधि विधान पूजा पाठ के साथ संपन्न कराया जाता है। इसी होली की आग से नगर के अन्य जगहों पर होलिका दहन किया जाता है। दूसरे दिन रंग खेला होता है। इस बार भी परंपराओ का निर्वहन होली मनाया गया। लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई देते नजर आए। वही मुस्लिम समुदाय ने नमाज के बाद होली की बधाई दी। होली के मौके पर नगर पंचायत की ओर से जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था की गई थी। नगर पंचायत अध्यक्ष नम्रता गिरिराज किशोर दास ने सनातनी त्यौहार पर हिन्दू भाईयो और मुस्लिम भाईयो को रमजान पर बधाई दिया।



### नगाडों पर थिरके लोग

नगर में परंपरागत फाग गीत के गाने और नगाडो के वादन की परंपरा रही है जो बसंत पंचमी से प्रारंभ हो जाता हैऔर भाईदूज तक चलती है। यहां का फाग गायन विशिष्ट शैली के लिए भी जाना जाता है। यहां पर होली त्यौहार वृंदावन की होली की याद दिलाती है। परंपराओ के अनुसार लोग अपने ईष्ट मित्रो के साथ होली खेलते नाचते गाते राजमहल पहुंचे। यहां राजा साहब गिरिराज किशोर दास को होलिकोत्सव की बधाई दिया। राजा साहब ने उन्हे पान खिलाकर सम्मान किया। इस बार भी बड़ी संख्या में जनमानस महल पहुंचे थे।

### चुस्त रही पुलिस प्रशासन की व्यवस्था

प्रशासन ने होली को लेकर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था किया था किन्तु होली के दिन जुमा होने के के कारण कुछ अलग नजारा देखने को मिला। पुलिस प्रशासन ने नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर नगर में अमन चैन बनाने के शुरुवात की दोनों पर्व एक साथ होने के कारण सभी जगह सुरक्षा व्यवस्था किया था ताकि उपद्रवियों को मौका न मिले और त्यौहार सौहार्द पूर्वक मनाया जा सके। थाना प्रभारी शिव राम गेंदले ने नगरवासियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

### महिलाओं ने खेली प्रतिकात्मक होली, लगाया भगवान को भोग



समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की जिला ईकाई ने रियासतकालीन रानी मंदिर छुईखदान में होली मिलन का कार्यक्रम रखा। जिला सचिव स्वाति त्रिपाठी ने बताया कि आरंभ में राधा-कृष्ण, लक्ष्मी-नारायण सहित भगवान परशुराम की पूजन किया गया। तत्पश्चात स्थापित सभी देवी-देवताओं के साथ प्रतीकात्मक होली खेलकर विभिन्न व्यंजनों का भोग लगाया गया। मातृशक्ति परिषद् की जिलाध्यक्ष डॉली तिवारी ने बताया कि संगठन की जिला ईकाई ने पहली बार कार्यक्रम आयोजित किया था। सभी बहनों ने कार्यक्रम में एक दूसरे को गुलाल लगाका एक दूसरे का गले मिलकर होली की बधाई दी। अंत में उपस्थित सभी बहनों ने भोग प्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रूपा उपाध्याय, श्यामा तिवारी, शैल शर्मा, विमला शर्मा, सीमा मिश्रा, दीप्ति तिवारी, श्रद्धा तिवारी, खुशबु शर्मा, गायत्री तिवारी सहित अन्य बहनें उपस्थित थी।

### दुबौलिया तेली समाज का होली मिलन समारोह

केंद्रीय दुबेलिया तेली साहू समाज छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में धमधा खपरी में आयोजित होली मिलन एवं नवनिर्वाचित सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भक्त माता कर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात समाज प्रमुखों ने अपने विचार व्यक्त किए। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष शिव कुमार साहू ने होली की सभी पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नवनिर्वाचित सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत के सदस्यों की क्षेत्र के साथ समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस मौके पर अन्य सामाजिक नेताओं ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर नवनिर्वाचित सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरिराम साहू, बृजलाल साहू, संतोष साहू,केशव राम साहू, दानेश्वर साहू, अलखराम साहू, सीआर साहू, धरमपाल साहू, संतोष साहू, सुंदरलाल साहू, समयलाल साहू, भिखारीराम साहू, विष्णु प्रसाद साहू, प्रेमलाल साहू, सत्यपाल साहू, बद्रीराम साहू, मनीष साहू, अवधराम साहू, डॉ दिनेश साहू, भोलाराम साहू, हेमंत साहू, छन्नूलाल साहू, लखनू साहू, मनोहर साहू, टेकराम साहू, ईश्वरी साहू, अनुज साहू, कन्हैया साहू, मनोज साहू, भारत साहू, खेमचंद साहू, कृष्णा साहू, कुशल साहू, बोधन साहू, बंटी साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### उदयपुर में होली मिलन आयोजित



**सड़क अतरिया।** ग्राम उदयपुर में जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा ने शनिवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, जिपं सदस्य दिनेश वर्मा, जमुना नरेश कुर्रे, जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश जंघेल, सदस्य ज्योति जंघेल, डोमारसिंह सहित अन्य शामिल हुए।

## स्वस्थ जीवन का विज्ञान पर विशेष व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

स्वर्गीय श्रीदेवी प्रसाद जी चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई के हिंदी विभाग ने स्वस्थ जीवन का विज्ञान विषय पर एक अंतर विभागीय व्याख्यान का आयोजन किया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता प्राणीशास्त्र की अतिथि सहायक प्राध्यापक शिल्पी देवांगन ने भाग लिया।

सुश्री देवांगन ने मानव शरीर के विभिन्न अंगों के कार्यों और स्वस्थ जीवन में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक खानपान के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। हिंदी विभागाध्यक्ष गावस्कर कौशिक ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है, इसलिए विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ जीवन के विज्ञान को समझना अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर अतिथि प्राध्यापक ओमकुमारी, नारायणी सोनी, ग्रंथपाल हेमंत मिश्रा और एमए हिंदी और बीए के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे ने सभी को बधाई दी।

### चैत्र नवरात्रि मेले संबंध में बैठक आज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में 18 मार्च 2025 को अपरान्ह 3 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 30 मार्च 2025 से प्रारंभ होने वाले चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में लगने वाले मेले में यात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था विषय पर चर्चा के लिए बैठक आयोजित की गई है।

### निर्वाचन मानदेय अप्राप्त, शीघ्र किया जाए भुगतान

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने जिले के सभी विकासखंडों में नगरीय निकाय एवं पंचायत आम निर्वाचन 2025 में ड्यूटी कर चुके अधिकारी-कर्मचारियों का मानदेय शीघ्र भुगतान की मांग की है। विदित हो कि निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम अनुसार जिले में विभिन्न नगरीय निकायों व पंचायत आम निर्वाचन छुरिया, डोंगरगढ़, डोंगरगांव व राजनांदगांव विकासखंड में संपन्न किया जा चुका है। जिसमें मतदान दलों के साथ अन्य निर्वाचन कार्यों के लिए शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। जिले के कई कर्मचारियों को नगरीय निकाय के साथ पंचायत निर्वाचन में अलग-अलग चरणों में भी 2-3 ड्यूटी करना पड़ा था।

## पांचवी की केन्द्रीयकृत परीक्षा शुरू, आठवीं की आज से

**सड़क अतरिया।** शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देश के अनुसार सोमवार से क्षेत्र के सभी सरकारी स्कूलों में कक्षा 5वीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा प्रारंभ हो गया है। पांचवी के छात्रों ने सोमवार को गणित विषय में अपना पहला पेपर दिलाया। आठवीं कक्षा के छात्र कल मंगलवार को गणित विषय में अपना पहला पेपर दिलाएंगे।

जानकारी अनुसार विकासखंड में 5वीं के लिए कुल 232 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। आठवीं के लिए 85 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। सोमवार को संकुल समन्वयक द्वारा परीक्षा का प्रश्न पत्र संबंधित थाना से लेकर सभी स्कूलों में पहुंचाने की विशेष व्यवस्था बनाया गया था। खंड के सभी समन्वयकों द्वारा समय पूर्व सभी स्कूलों में प्रश्न पत्र पहुंचा दिया गया था। सभी केन्द्रों में परीक्षा समय पर शुरू हो गया था।

परीक्षा के प्रथम दिन विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र कुमार डड़सेना ने विभिन्न स्कूलों का दौरा कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने प्राथमिक शाला सड़क अतरिया, प्रा.शाला रेंगाखार, प्रा. शाला अचानकपुर, निजी विद्यालय अंग्रेजी माध्यम इग्नाईट तथा राज्य के अंतिम छोर स्थित प्रा.शा. खादी स्कूल का निरीक्षण कर केन्द्राध्यक्ष एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देशित किया। परीक्षा के पहले दिन सभी स्कूलों में शत-प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित मिले। परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिकाओ को विशेष पैकिंग कर संकुल समन्वयक कार्यालय में जमा कराया गया है।

### कुछ निजी विद्यालय हो रहे परीक्षा में शामिल

सोमवार से 5वीं व 8वीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा प्रारंभ हो गया है। 5वीं की परीक्षा सुबह 9 से 11 बजे तक तथा आठवीं की 9 से 12 बजे तक परीक्षा का समय निर्धारित है। खंड के कुछ निजी विद्यालय इस परीक्षा में स्वतः ही शामिल होकर अपने विद्यालय के छात्रों को केन्द्रीयकृत परीक्षा दिलवा रहे हैं। वहीं कुछ विद्यालय अपने स्तर पर परीक्षा आयोजित करने की तैयारी कर रहा है।

## फरहद में महिला जन-जल जागरुकता अभियान आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा महिलाओं को जल संसाधनों के महत्व एवं उसके प्रति जागरूक करने तथा महिला शक्ति से जल शक्ति के सिद्धांत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पनेका एवं फरहद में महिला जन-जल जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने जल संरक्षण एवं स्वच्छता पर महत्वपूर्ण चर्चा की। जल जीवन मिशन अंतर्गत जल सभा में जल बहिनियों को समय-समय पर पानी की जांच करने, जल को स्वच्छ रखने के विभिन्न उपायों के बारे में बताया गया। अभियान के तहत महिलाओं को जल संरक्षण एवं जल संकट के समाधान में सक्रिय भागीदारी निभाने हेतु तैयार किया गया। जल का संरक्षण आने वाले पीढ़ियों के लिए करने का संदेश दिया गया। जल जीवन मिशन के तहत जल संरक्षण के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों को अत्यधिक प्रभावी बनाने के लिए महिला शक्ति की भूमिका के महत्व के बारे में बताया गया तथा महिलाओं को जल जीवन मिशन का हिस्सा बन कर जल संरक्षण के कार्यों में शाामिल होने की अपील की गई।

- हवन, पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही जोत प्रज्जवलन का कार्यक्रम होगा आयोजित

## मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में नवरात्र की तैयारियां प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बफार्नी सेवाश्रम समिति द्वारा राष्ट्रीय संत श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बफार्नी दादा के आशीर्वाद से संस्था द्वारा संचालित गर्भगृह में विराजमान मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मनाई जाएगी। जिसमें हवन, पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही जोत प्रज्जवलन का कार्यक्रम आयोजित है।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि देशभर में मनाए जाने वाले भक्ति का महापर्व व हिन्दू नववर्ष प्रारंभ अवसर पर चैत्र नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में भी 30 मार्च से 06 अप्रैल तक मनाया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन माता व अन्य देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजापाठ के अलावा आरती पूजन का कार्यक्रम आयोजित है।

चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा एकम 30 मार्च को अविभाज्य मुहूर्त दोपहर 11.36 से 12.24 के मध्य गौरी गणेश नवग्रह स्थापना, गुरु पूजन के पश्चात माई ज्योत व गुरु जोत प्रज्जवलन के साथ ही माता व भोलेनाथ की आरती उतारी जाएगी। तत्पश्चात मनोकामना ज्योति कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की ज्योति कलश प्रज्वलित की जाएगी। 02 अप्रैल को नवरात्रि की पंचमी अवसर पर मां पाताल भैरवी सहित मां राज राजेश्वरी, त्रिपुर सुंदरी, दस महाविद्या, भगवान पातालेश्वर महादेव सहित द्वादश ज्योतिलिंगों, हनुमान जी, गणेश जी व भैरव बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। माता के दरबार में श्रीयंत्र पर आधारित यज्ञ शाला में महाअष्टमी हवन 5 अप्रैल को संध्या 6 बजे से संस्था के सदस्यों एवं अन्य श्रद्धालुओं द्वारा किया जाएगा। 06 अप्रैल को रामनवमी अवसर पर भगवान श्रीराम व माता की विशेष महाआरती के पश्चात माता की जोत ज्वांरा का विसर्जन किया जाएगा।



इस आयोजन को लेकर संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, श्रीगुरुचरण सिंह छाबड़ा, महेन्द्र लुनिया, दामोदर अग्रवाल, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, सूरज जोशी, आलोक जोशी, लीलाधर सिंह, बलविंदर सिंह भाटिया, कुलबीर छाबड़ा, संजय खंडेलवाल, योगेन्द्र पांडे, मनीष परमार सहित अन्य सदस्यों ने श्रद्धालुओं माता

## विधायक ने विधानसभा में उठाया मामला

# जल मिशन के कार्य लंबित, गांव में जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



गर्मी बढ़ने के साथ गांवों में जल संकट गहराने लगा है। बढ़ते संकट को देखते हुए विधायक दलेश्वर साहू ने यह मामला विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सवाल के जवाब में संकट तो नहीं माना किन्तु जल मिशन के कार्य अधूरे होने की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल पहुंचाने का कार्य त्वरित गति से चल रहा है। जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले के सभी 662 ग्रामों में योजना स्वीकृत है। 150 ग्रामों की योजना पूर्ण कर पेयजल प्रदाय किया जा रहा है एवं 512 ग्रामों में कार्य प्रगति पर है।

जानकारी के अनुसार विधायक साहू ने विभिन्न गांव में जल मिशन के कार्य में विलंब से जल संकट और ग्रामीणों के परेशान होने का मामला उठाया था। विधायक के सवाल पर बताया गया कि कोहका (मो) मोंगरा समूह जल प्रदाय योजना में शामिल है। जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रस्तावित 600 मी. राईजिंग मेन का कार्य शेष है एवं 1074 मी. डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन का कार्य पूर्ण है। प्रस्तावित 70 नग घरेलू नल कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 60 किली एवं 12 मी. स्टेजिंग का उच्चस्तरीय जलागार का निर्माण प्रगति पर है। वर्तमान में स्थल जल योजना से जलप्रदाय किया जा रहा है। इसी प्रकार कोहका (ढाबा) में स्वीकृत रेट्रोफिटिंग योजना में प्रस्तावित 1857 मी. राईजिंग मेन पाईप लाईन बिछाया जा चुका है एवं 875 मी. डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन प्रस्तावित है जिसमें 830 मीटर बिछाया जा चुका है। 388 नग घरेलू नल कनेक्शन प्रस्तावित है जिसमें 319 नग पूर्ण कर लिया गया है एवं 40 कि. एवं 13 मीटर स्टेजिंग का जलागार निर्माण प्रगति पर है। गांव में 11 हैंडपम्प, 2 नग थ्री-फेस पावर पंप के माध्यम से जल प्रदाय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मोहड़ में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत रेट्रोफिटिंग योजना में प्रस्तावित 998 मीटर राईजिंग मेन एवं 4387 मीटर डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन में से 3300 मीटर डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। ग्राम में 442 नग घरेलू नल कनेक्शन लगना है जिसमें 408 नल कनेक्शन दिया जा चुका है। 60 किली, 12 मीटर स्टेजिंग जलागार का निर्माण प्रगतिरत है। दीवानभेड़ी में रेट्रोफिटिंग योजना में 1669 मीटर राईजिंग मेन पाईप लाईन प्रस्तावित है जिसमे 1250 मीटर बिछाया गया है। प्रस्तावित 6189 मीटर डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन में 6000 मीटर बिछाया जा चुका है। 449 में से 420 नग घरेलू नल कनेक्शन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जलागार का निर्माण 85 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

### पुरानी व्यवस्था से पानी सप्लाई

भटगुना में 475 मीटर राईजिंग मेन एवं 3073 मीटर डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन प्रस्तावित है, जिसमे 370 मीटर राईजिंग मेन बिछाया गया है। डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन का कार्य पूर्ण है। 215 नग घरेलू नल कनेक्शन में 211 नग कनेक्शन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जलागार का निर्माण हो चुका है। टेस्टिंग प्रक्रियाधीन है। वर्तमान में 8 हैंडपम्प, 2 नग सिंगल फेस पॉवर पम्प, 1 नग थ्री-फेस पांवर पम्प एवं डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से जल प्रदाय किया जा रहा है। झिटिया में 1000 मीटर राईजिंग मेन एवं 3342 मी. डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन प्रस्तावित है जो पूर्ण है। 224 नग घरेलू नल कनेक्शन पूर्ण कर लिया गया है। जलागार का निर्माण हो चुका है। टेस्टिंग प्रगति पर है। अर्जुनीमें रेट्रोफिटिंग योजना में 650 मीटर राईजिंग मेन, 3258 मी. डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन एवं 235 नग घरेलू नल कनेक्शन का कार्य प्रस्तावित है जो पूर्ण हो चुका है। उच्चस्तरीय जलागार 50 किली, 12 मी. स्टेजिंग का निर्माण पूर्ण कर टेस्टिंग कार्य प्रगति पर है। कोनारी में 500 मीटर डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन एवं 200 नग घरेलू नल कनेक्शन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ग्राम में नल जल योजना, 12 हैंडपम्प, 2 नग सिंगल फेस पॉवर पम्प, 1 नग थ्री-फेस पांवर पम्प के माध्यम से जल प्रदाय किया जा रहा है। ग्राम- आसरा में रेट्रोफिटिंग योजना में 1200 मीटर राईजिंग मेन एवं 3251 मी. डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन प्रस्तावित है जिसका कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 279 नग घरेलू नल कनेक्शन में से 250 नग पूर्ण कर लिया गया है। योजना में प्रस्तावित 2 नग जलागार 60 किली, 12 मीटर स्टेजिंग एवं 40 किली, 12 मीटर स्टेजिंग का निर्माण हो चुका है, जिसका टेस्टिंग किया जा रहा है।ग्राम में नल जल योजना, 28 हैंडपम्प, 4 नग सिंगल फेस पॉवर पम्प, 2 नग थ्री-फेस पांवर पम्प एवं डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पानी प्रदाय किया जा रहा है।

### संजय जैन का निधन

**डोंगरगांव।** नगर के प्रतिष्ठित वनोपज व्यापारी स्व. निर्मलचंद जैन के ज्येष्ठ पुत्र संजय जैन का सोमवार को निधन गया। स्व. जैन रविवार की रात को साकेतधाम परिसर के पास एक मवेशी से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद उन्हें उपचार के लिए रायपुर के डीकेएस हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान अपरान्ह बाद उनका निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री सहित भरापुरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा कल मंगलवार को अपरान्ह तीन बजे निकलेगी।



उनके निधन पर शोक व्यक्त करते दिगंबर जैन समाज के संरक्षक देशराज जैन, अध्यक्ष सतीश जैन, दिनेश गांधी, रोहित गुप्ता, प्रफुल्ल जैन, संदीप जैन, राहुल जैन, योगेश सिंघई, प्रबोध जैन, धर्मेन्द्र जैन, बीरेन्द्र जैन आदि ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

पृष्ठ 9 का शेष

### एक दिन के अंतराल ...

**नहीं भर पा रहे कूलर-**

लगभग एक सप्ताह में भी शहर के लोगों को दोनों समय पानी नहीं मिलने के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच अब गर्मी की शुरूआत होने की वजह से लोगों ने अपने घरों में कूलर लगा लिया है, लेकिन कूलर में डालने लायक पानी भी नहीं मिल रहा है। पानी की कमी के चलते सूखे कूलर चलाने पड़ रहे हैं।

**दोनों समय जलापूर्ति पहली प्राथमिकता-**

सोमवार को नगर निगम में कामकाज का पदभार ग्रहण करते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि उनके पदभार ग्रहण करने के साथ ही राजनांदगांव शहर के लोगों को दोनों टाईम पहले की तरह जलापूर्ति हो यह उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि दोनों समय जलापूर्ति शुरू हो इस पर काम किया जाएगा। जल्द ही व्यवस्था सुधर जाएगी।

**एनीकट में आया पानी**

लगभग एक सप्ताह पहले मोहारा एनीकट में पानी की कमी हो गई थी। जिसकी वजह से मोंगरा बैराज और मटियामोती जलाशय से पानी लिया गया। यह पानी अब मोहारा एनीकट में पहुंच चुका है और फिलहाल के लिए पर्याप्त भंडारण भी है। इस वजह से यह नई व्यवस्था बनाई गई है।

## सार समाचार

### श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 29 से



**राजनांदगांव।** ग्राम नांहदा जेवरतला देवरी में आगामी 29 मार्च से 6 अप्रैल तक संगीतमय दिव्य श्रीमद देवी भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में व्यासपीठ के प्रमुख वक्ता पूज्य श्री राजू कृष्ण महाराज कोलियारा वाले एवं परायणकर्ता पं. विजय शर्मा होंगे। समस्त महिला समूह एवं ग्रामवासियों के सौजन्य से उक्त आयोजन रखा गया है।

### रूवातला में 5वीं के बच्चों को दी विदाई

**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला रूवातला में कक्षा पांचवीं के बच्चों का विदाई समारोह कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात कक्षा पहली से चौथी तक के बच्चों ने अपने-अपने विचार रखे। प्रधान पाठक बंदिश नेमपांडे ने बच्चों को कक्षा पांचवीं की केंद्रीकृत परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कक्षा पांचवीं के बच्चों ने शाला को स्मृति भेंट की। मध्यान्ह भोजन संचालनकर्ता समूह द्वारा बच्चों को न्यौता भोज में पुड़ी-भजिया, छोले, आलू, चावल, दाल परोसा गया। साथ ही शाला के प्रधान पाठक द्वारा बच्चों को बालूशाही खिलाया गया। कार्यक्रम में माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक लूनकरण वर्मा, बंदिश नेमपांडे, आरके साव, संकुल समन्वयक तिलेश्वर वर्मा, कुमेश कुमार गहीने, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षा दास, नीतू वर्मा, लोकमती वर्मा आदि उपस्थित थे।




### अप्रैल में कोसरिया यादव महाधिवेशन

**राजनांदगांव।** जिला कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव की विशेष सामाजिक बैठक गत दिनों यादव भवन डोंगरगांव में जिला अध्यक्ष कंसुराम यादव की अध्यक्षता में रखी गई थी। जिसमें जिला, तहसील, सर्किल व पचगैह्म स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति देकर सामाजिक एकता का परिचय दिया। आगामी माह अप्रैल के अंतिम सप्ताह में जिला कोसरिया यादव महाधिवेशन का आयोजन किया जाना तय हुआ है। बैठक का शुभारंभ भगवान श्रीराधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना से हुआ। इस बार यादव समाज के लोग पंचायत, जनपद, नगर तथा जिला पंचायत के राजनीति के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम लाए हैं और इसके लिए जिला कोसरिया यादव समाज विजय प्राप्त समाज के जन प्रतिनिधियों का विशेष सम्मान यादव गौरव सम्मान से करेगा। महाधिवेशन में समाज के प्रबुद्धजनों के संबोधन के साथ-साथ समाज में शादी योग्य युवक-युवती के परिचय सम्मेलन के साथ ही उपलब्ध जोड़ों का आदर्श विवाह भी गायत्री वैदिक मंत्रों के साथ संपन्न होंगे। समाज के कंसुराम यादव, केआर यादव, शीलूराम यादव, फगुवाराम यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, अनिल यादव, केदार यादव, सुदर्शन यादव, मुलचंद् यादव, शेखर यादव, संजय यादव, बलीराम यादव, देवागा यादव, खिलावन यादव, महेश यादव, गोविंद यादव, लक्ष्मण यादव, अश्वनी यादव, लखन यादव, पन्ना यादव, विशाल यादव, तीरथ यादव, धरमू यादव सहित महिला शक्तियों में गायत्री यादव, रेमन यादव, पर्मिला यादव, सातों यादव, कामिनी यादव, झालो यादव, जेठी यादव, सुनीता यादव, यामिनी यादव, सावित्री यादव, हेमलता यादव, अमृता यादव, दुग्दी यादव, शांती यादव, बुधनतीनं यादव, सत्यभामा यादव आदि ने अपनी उपस्थिति देकर यादवी एकता का परिचय दिया। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी दुर्गाप्रसाद यादव ने दिया है।

### किसानों ने मांगा मुआवजा, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# अघोषित बिजली कटौती से फसलों को नुकसान, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

अंचल में लगातार अघोषित बिजली कटौती से त्रस्त किसानों ने प्रेसवार्ता कर राज्य शासन से फसलों का मुआयना कर फसल क्षति की मुआवजा की मांग की है।

स्थानीय रेस्ट हाउस में क्षेत्र के किसान नेता चंदू साहू एवं क्षेत्र के किसान हिरामन पाल, कमलेश यादव, टीकम साहू, सतीश साहू, चैनदास, संतोष लहरे, दिनेश गायकवाड़ ने किसान साथियों के साथ प्रेसवार्ता कर बताया कि क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती एवं लो-वोल्टेज से धान एवं मक्का की फसल बर्बाद होने की कगार पर है। बिजली कटौती से क्षेत्र के किसान परेशान हैं। उनके फसल पर्याप्त सिंचाई के अभाव में नष्ट हो गए हैं। जिससे उन्हें आर्थिक क्षति के साथ मानसिक क्षति भी उठानी पड़ रही है। किसानों को हो रहे फसलों में नुकसान का मुख्य वजह बिजली कटौती है, जो शासन का मुख्य अंग है। शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से फसलों के नुकसान का मुआयना कर शीघ्र किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार धान का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 117 रुपए बढ़ाया गया है, किन्तु यह राशि किसानों को प्रदाय नहीं किया जा रहा है, जिसे तत्काल प्रदाय किया जाए। साथ ही धान विक्रय करने वाले प्रत्येक किसान को प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से 2457 रुपए का अविलंब भुगतान किया जाए। इन मांगों को लेकर किसान संघ छुरिया ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।



**खातूटोला बैराज से निस्तारी के लिए पानी छोड़ा जाए**

प्रेसवार्ता में किसान संघ ने खातूटोला बैराज से नदी-नालों में निस्तारी के लिए पानी छोड़ने की मांग की गई, ताकि भीषण गर्मी में तालाबों के सूख जाने की वजह से निस्तारी की तकलीफों से उन्हें निजात मिल सके। शीघ्र ही इन मांगों को पूरा नहीं किया गया तो किसान संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### जनपद सीईओ ने किया पीएम आवास का निरीक्षण

**छुरिया।** जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास निर्माण का कार्य तीव्र गति से प्रारंभ है। प्रधानमंत्री आवास के तहत ब्लॉक में लगभग सात हजार प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कार्य स्वीकृत है। जिनका जनपद पंचायत के सीईओ होरीलाल साहू ने पंचायत धनगांव, गुंडरदेही एवं गिदर्री में बन रहे आवासों का निरीक्षण किया है। सभी आवास हितग्राहियों के साथ बैठक कर समय-सीमा तथा गुणवत्तायुक्त आवास निर्माण करने कहा गया। ग्राम पंचायत धनगांव में सात हितग्राहियों का जमीन विवाद के कारण आवास निर्माण प्रारंभ नहीं हो पाया था, जिसे सीईओ साहू ने ग्रामीणों एवं हितग्राहियों के साथ चर्चा कर इस समस्या का निराकरण किया। निरीक्षण में सीईओ ने आवास निर्माण में मनरेगा अंतर्गत जारी किए जाने वाले मस्टर रोल को समय पर भरने के संबंध में रोजगार सहायकों को निर्देशित किया। स्वीकृत सभी आवासों को समय-सीमा में पूर्ण करने नोडल अधिकारी, तकनीकी सहायक, सरपंच, रोजगार सहायक तथा आवास मित्रों को आवास पूर्ण करने दिशा निर्देश दिया।

# गोड़वाना समाज का होली मिलन



**राजनांदगांव।** जिला गोड़वाना महासभा की ओर से जीई रोड स्थित गोड़वाना भवन में गोड़ महासभा के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के मध्य होली मिलन का आयोजन हुआ। इसमें समाज की परंपरा के अनुरूप त्यौहारी मिलन का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने पारंपरिक नृत्य-गान भी प्रस्तुत किया। साथ ही होली को लेकर अपने जीवन के अच्छे-अच्छे संस्मरण भी सुनाए।

समाज के प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान गोड़ महासभा के जिला अध्यक्ष नीलकंठ गढ़े ने लोगों को होली की शुभकामनाएं देते कहा कि होली हमारा परंपरागत त्यौहार है। इस त्यौहार के माध्यम से हम एक-दूसरे से मेल-मुलाकात करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सारे लोग और हमारी संस्कृति देश की प्राचीनतम संस्कृतियों में शुमार है। उन्होंने होली पर अपने मतभेद भुलाकर अपनी परंपरा के अनुरूप होली त्यौहार मनाने का आग्रह करते कहा कि हम सब इस त्यौहार के माध्यम से सद्भावना व भाईचारे का संदेश समाज को दे। होली मिलन कार्यक्रम की अध्यक्षता गुलशन साहू ने किया। कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया। होली की शुभकामनाएं दी व होली की जय-जयकार किया। इस दौरान रामानंद उइके, श्यामशाह मंडावी, कृपाल उईके, कन्हैयाराम टेकाम, कुंवरसिंह मंडावी, कामता प्रसाद उईके, अर्जुन मरकाम, राजेन्द्र ठाकुर, प्रवीण कुंजाम, नीलकुंवर, पूरण कोर्राम, रमेश मंडावी सहित बड़ी संख्या में समाज के बंधु उपस्थित थे।

### अंशिका का इंस्पायर अवार्ड 2024 के लिए चयन



**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री की कक्षा सातवीं 'अ' की होनहार छात्रा अंशिका हिरवानी का छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड 2024 के लिए विषय महिला सुरक्षा उपकरण पर आधारित उनके विचारों व उनके उत्कृष्ट उपकरणों के लिए चयन कर उन्हें 10 हजार रुपए से पुरस्कृत किया गया। वे अब अपने उपकरणों का राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुति के लिए तैयारी कर रही है। छात्रा अंशिका हिरवानी ने अपने उत्कृष्ट कार्य द्वारा शाला ही नहीं वरन नगर व राज्य को भी गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर शाला निदेशक मंडल, शाला प्राचार्य भारती गौते एवं एनपीएस शाला परिवार ने बधाई दी।






**खबर संक्षेप**

## पिपरिया में होली मिलन समारोह संपन्न

**हरिभूमि पिपरिया।** होली के अवसर पर पिपरिया में वरिष्ठ साहित्यकार समय लाल विवेक के निज निवास में रूपक निकेतन में होली मिलन एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पाठक मंच कवर्धा से जुड़े रचनाकार एवं कबीरा खड़ा बाजार प्रगतिशील वैचारिक मंच पिपरिया के साथी उपस्थित थें, उपस्थित सभी रचनाकारों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली त्यौहार की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पहले चरण में साहित्यिक चर्चा हुई जिसमें इस बात पर बल दिया गया कि रचनाकारों को अपनी रचनाएं पाठक तक पहुंचाने की कोशिश करनी चाहिए। लिखी हुई रचनाओं का समयानुकूल प्रकाशन किया जाना चाहिए। चर्चा के दौरान साहित्यकारों ने वर्तमान धार्मिक राजनीतिक परिस्थितियों से उपजी विसंगतियों पर गहरी चिंता व्यक्त की।

# विधायक भावना ने विधानसभा में उठाए कई प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया विधानसभा की जनता सहित प्रदेश के विभिन्न प्रमुख विषयों और जनहित के मुद्दों को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा निरंतर विधानसभा में उठाया जा रहा है। आज



विधानसभा सत्र के दौरान विधायक भावना बोहरा ने श्रमिकों के प्रशिक्षण, निजी उद्योगों में बिना लाइसेंस व अनुमति के ठेकेदारों द्वारा कार्य करने और जल जीवन मिशन के संबंध में प्रश्न किया।

भावना बोहरा ने प्रश्न करते हुए पूछा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15 फरवरी 2025 तक जिला कबीरधाम अंतर्गत श्रमिकों के पंजीयन हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं? प्राप्त आवेदनों में से कितने श्रमिकों का पंजीयन किया जा चुका है और कितने आवेदन शेष हैं? पंजीकृत श्रमिकों में से कितने श्रमिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ है और श्रमिकों के प्रशिक्षण हेतु जिले को कितनी राशि आबंटित हुई है? कितने श्रमिकों को किन-किन कार्यों का प्रशिक्षण दिया




गया? प्राप्त आबंटन राशि का व्यय किन-किन कार्यों में कितना-कितना किया गया?

जिसके लिखित उत्तर में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15 फरवरी 2025 तक जिला कबीरधाम अंतर्गत छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीयन हेतु 17216 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 13868 का पंजीयन किया गया एवं 3348 आवेदन निरस्त हुए। छग असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में पंजीयन हेतु 433 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 370 का पंजीयन किया गया एवं 63 आवेदन निरस्त हुए। उन्होंने बताया कि लंबित आवेदनों की संख्या निरंक है। छग श्रम कल्याण मंडल में श्रमिकों के पंजीयन हेतु आवेदन किए जाने का प्रावधान नहीं है, अपितु मंडल में संगठित क्षेत्र के पंजीकृत स्थापना के नियोक्ता द्वारा श्रम विभागीय ऑनलाईन पोर्टल में नियोजित श्रमिकों के नामों की प्रविष्टि की जाती है जिससे श्रमिक स्वतः पंजीकृत हो जाते हैं।

मंडल अंतर्गत 232 संगठित श्रमिक पंजीकृत हुए हैं। वहीं मुख्यमंत्री नौ-निहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत 706, मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत 5, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता राशि योजना के तहत 28, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक निःशुल्क कार्ड योजना के तहत 13868, असंगठित कर्मकार छात्रवृत्ति योजना के तहत 2 एवं शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 66 श्रमिक लाभान्वित हुए हैं। श्रमिकों के प्रशिक्षण हेतु मंडलों द्वारा राशि आबंटित नहीं की गई है, अतः श्रमिक प्रशिक्षण, व्यय एवं शेष राशि की जानकारी निरंक है।

### रायपुर जिला अंतर्गत संचालित उद्योगों में बिना लाइसेंस व अवधि समाप्त हो जाने पर भी कार्यरत ठेकेदारों एवं श्रमिकों के संबंध में प्रश्न पूछाः विधायक

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने रायपुर जिला अंतर्गत संचालित उद्योगों में बिना लाइसेंस एवं अवधि समाप्त हो जाने पर भी कार्यरत ठेकेदारों एवं श्रमिकों के संबंध में प्रश्न करते हुए पूछा कि जिला रायपुर के उरला में संचालित उद्योगों गणपति इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, नवदुर्गा इस्पात प्राइवेट लिमिटेड एवं गुमा जिला रायपुर में संचालित उद्योग श्री लक्ष्मीनारायण रियल इस्पात प्राइवेट लिमिटेड तथा सरोरा रायपुर स्थित कृष्णा आयरन स्ट्रिप्स एण्ड ट्यूब्स प्राईवेट लिमिटेड उद्योगों में बिना लायसेंस एवं अवधि समाप्त हो जाने पर भी कार्यरत श्रमिक ठेकेदार फर्म्स, ठेका कंपनियों की जानकारी के संबंध में पूछा? जिसके लिखित उत्तर में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने बताया कि जिला रायपुर के उरला में संचालित उद्योगों गणपति इस्पात अंतर्गत 3 ठेकेदार हैं, जिन्हें अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं है और उनके अंतर्गत लगभग 150 श्रमिक कार्यरत हैं, नवदुर्गा इस्पात प्राइवेट लिमिटेड एवं गुमा में संचालित उद्योग श्री लक्ष्मीनारायण रियल इस्पात प्राइवेट लिमिटेड में जानकारी निरंक हैं तथा सरोरा स्थित कृष्णा आयरन स्ट्रीप्स एण्ड ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड में संविदा श्रमिक अधिनियम, 1970 अंतर्गत बिना लायसेंस एवं लायसेंस की अवधि समाप्त हो जाने पर भी कार्यरत 2 ठेकेदार हैं जिनके अंतर्गत 40 श्रमिक कार्यरत हैं।

### नगर पंचायत पांडातराई में पाइप बिछाव-विस्तारीकरण का कार्य व क्या उन सभी वार्डों के घरों में जल प्रदाय योजना का लाभ मिल रहा है? भावना

जल जीवन मिशन के तहत प्रश्न करते हुए श्रीमती बोहरा ने पूछा कि नगर पंचायत पांडातराई के किन-किन वार्डों में जल जीवन मिशन से घरों को जल वितरण हेतु पाइप बिछाव सह-विस्तारिकरण का कार्य किया गया है? इस हेतु कुल प्राप्त आबंटन राशि एवं व्यय की स्थिति क्या है? क्या जिन वार्डों में पाइप बिछाव-विस्तारीकरण का कार्य हुआ है? क्या उन सभी वार्डों के घरों में योजना का लाभ जलप्रदाय मिल रहा है? लिखित प्रतिउत्तर में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना ग्रामीण अंचल की योजना है। अतः जल जीवन मिशन अंतर्गत नगर पंचायत पांडातराई में योजना के तहत किसी भी प्रकार का विस्तारीकरण व पाइप लाइन बिछाव का कार्य नहीं किया जा रहा है। भावना बोहरा ने प्रश्न पूछा कि कबीरधाम जिले के कितने उद्योगों द्वारा ट्यूबवेल का उपयोग कर भूगर्भ से जल दोहन किया जा रहा है? उद्योग तथा ट्यूबवेल के लिए ली गई अनुमति एवं ट्यूबवेल की संख्यावार विस्तृत जानकारी प्रदान करें। जिसके लिखित प्रतिउत्तर में उपमुख्यमंत्री ने बताया कि जिले में उद्योगों द्वारा ट्यूबवेल का उपयोग कर भूगर्भ से जल दोहन हेतु जल संसाधन विभाग द्वारा कोई अनुमति प्रदान नहीं की गई है।

**समस्या:** क्षेत्र के जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों की भारी अनदेखी

# निस्तारी तालाब सूखने के कगार पर गर्मी में ग्रामीण होंगे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

शहर सहित क्षेत्र मे अभी से भीषण गर्मी के चलते कई गांवों के तालाब अभी से सूखने लगे हैं। वहीं जल स्तर घटने से मोटरपंप से पानी भी निकलना कम हो रहा है, जिन तालाबों में पानी है वह दुषित हो गया है। कुल मिलाकर गांवों में निस्तारी की समस्या बढ़ने लगी है साथ ही साथ हैण्डपंपों की धार पतली हो गई है।

वहीं ग्राम पंचायत कोलेगांव सहित आसपास क्षेत्र में निस्तारी तालाब सूख चुके हैं। ग्रामीण तालाब के पानी से अपना निस्तारी करते हैं तालाब के प्रमुख तालाब सूखने के कगार पर है। तालाब में पानी नहीं होने के कारण ग्रामीणों के सामने निस्तारी की समस्या खड़ी हो गई है। पेयजल सहित निस्तारी के लिए ग्रामीण इधर-उधर भटकते फिर रहे हैं। जल्द इस ओर क्षेत्र के जनप्रतिधियों ने ध्यान नहीं दिया तो समस्या और गंभीर हो सकती है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में ग्रामीण जन जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों को कोसने लगे हैं।



**बोर खनन की मांग**

पानी की समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने तालाब किनारे बोर खनन की मांग कर रहे हैं, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गार्मियों के दिन में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए बोर खनन आवश्यक है। इससे तालाब में हमेशा पानी भरा रहता। लेकिन अब तक न तो बोर खनन हो पाया और न ही निस्तारी के लिए तालाब में पानी भरा जा सका। इस ओर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सके।

**मवेशियों को हो रही भारी दिक्कते**

गांव के तालाब सूखने से जानवरों के लिए अधिक समस्या उत्पन्न हो गई है। इंसान तो किसी तरह से हैण्डपंप या अन्य निजी साधनों से अपना काम निकाल लेता है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या मवेशियों के लिए पानी की व्यवस्था करने में हो रही है। गर्मी के दिनों में मवेशियों को धोने व पीलाने की समस्या हो रही है। गर्मी अधिक होने के कारण दो से चार घंटों तक जानवर तालाब में ही डुबा रहता है तब जाकर उनकी गर्मी शांत होती, लेकिन तालाब सूखने की कगार में होने से परेशानी हो रही है।

# घुघरी कला में छात्र छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घुघरी-कला में विगत दिनों कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं की कक्षोन्नति (विदाई) समारोह कार्यक्रम के साथ ही साथ सेवानिवृत्त पूर्व बीआरसी प्रधान पाठक जलेश चंद्रवंशी एवं एमएस घुघरी-कला के प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत शिक्षिका श्रीमती सुशीला कुर्रे का विदाई कार्यक्रम आयोजित की गई। इस विदाई समारोह में सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल केशरवानी एवं बीआरसी केशकाल साहू और नव-निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन शाला प्रबंधन समिति द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती चम्पा राजकुमार जांगड़े, उपसरपंच श्रीमती सरस्वती हरिचंद पटेल एवं समस्त पंचगणों का श्रीफल एवं पेन भेंटकर सम्मानित किया गया। शाला परिवार द्वारा एपीसी महेन्द्र गुप्ता पालीगुड़ा के प्रधान पाठक संजय गुप्ता एवं प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक श्रीमती अमृता श्रीवास्तव का श्रीफल एवं पेन भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस गौरवशाली अवसर पर शाला प्रबंधन समिति पूर्व अध्यक्ष किरण नाथ योगी, अध्यक्ष जागेश्वर पटेल, रोहित साहू, सदस्य श्रीमती रुखमणी राजेन्द्र साहू, श्रीमती सुनीता भोला साहू, चैतराम साहू, मुनिराम धुर्वे, गुलेश्वर नाथ योगी, राजकुमार जांगड़े, प्राथमिक शाला अध्यक्ष कोमल नाथ योगी, श्रीमती अमेरिका निर्मलकर, शाला के प्रधान पाठक धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, शिक्षक रुपेश तिवारी, रोहित साहू, शिक्षिका श्रीमती विद्या साहू एवं पालकगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। एपीसी महेन्द्र गुप्ता, केशकाल साहू बीआरसी, अनिल केशरवानी सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, जलेश चंद्रवंशी सेवानिवृत बीआरसी, चैतराम साहू ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कक्षा छठवीं एवं



सातवीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। शाला के पूर्व छात्राओं जानकी साहू, राधिका योगी ने श्रीमती सुशीला कुर्रे को स्मृति चिन्ह भेंट किए। वहीं कक्षा आठवीं के छात्र छात्राओं ने भी शाला को स्मृति चिन्ह भेंट किए। शाला परिवार द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस विदाई समारोह कार्यक्रम का सफल संचालन रुपेश तिवारी द्वारा किया गया एवं शाला के प्रधान पाठक धर्मेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। शाला प्रबंधन समिति के द्वारा न्योता भोज में शाला के बच्चों एवं उपस्थित अतिथियों को न्योता भोज में पूड़ी, सेंवई, छोले की सब्जी परोसा गया।

## होली मिलन समाज में समरसता का भाव लाता हैः राममुरारी यादव



**हरिभूमि पाण्डातराई।** पंडरिया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड पंडरिया का होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर पंडरिया में आयोजित किया गया, इस होली मिलन समारोह में मुख्य वक्ता राममुरारी यादव दुर्ग विभाग बौद्धिक प्रमुख ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है, जिसमें अनेकों रंग से इस त्यौहार को मानते हैं। इसी तरह होली त्यौहार समाज में समरसत्ता का भाव जगाने का भी काम होता है, इस प्रकार से समाज में समानत्ता का भाव आता है। इस होली मिलन कार्यक्रम में समाज के लिए कार्य करने वाले संघ के अनुषांगिक संगठन के कार्यकर्ता स्वयंसेवक उपस्थित थे। आपस में सब एक-दूसरे को तिलक लगाकर छत्तीसगढ़ के वाद्य यंत्र नगाड़े के साथ इस होली मिलन समारोह को हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ, विश्व हिंदू परिषद, भारतीय जनता पार्टी संगठनों उपस्थित थे। मुख्य रूप से ग्राम भारती प्रांत उपाध्यक्ष सहदेव राम साहू, पंडरिया खण्ड कार्यवाहक होरीलाल गोयल, सह कार्यवाहक कमलेश जायसवाल, जिला व्यवस्था प्रमुख रामनाथ राजपूत, उपखंड कार्यवाहक नरेंद्र चंद्रवंशी, उपखंड कार्यवाहक किशोर प्रजापति, खण्ड प्रचार प्रमुख विक्की निर्मलकर, खण्ड संपर्क प्रमुख आकाश ठाकुर, खण्ड बलकार्य प्रमुख उमेद यादव, केवल ध्रुव, गिरीश साहू, रामखेलावन साहू, सुनील साहू, संतोष जैन, रवीश ठाकुर, कल्याण सिंह ठाकुर, सुखदेव धुर्वे, सुखचैन चंद्रवंशी, भागवत, फलित साहू, रितेश ठाकुर, गोविंद चंद्रवंशी, तुषार चंद्रवंशी, मानस मिश्रा, शशांक गुप्ता, दिनेश साहू, दिनेश जायसवाल, हिमांशु जैन, दुकालू सहित बड़ी संख्या में ज्येष्ठ-श्रेष्ठ व स्वयंसेवक कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## पोलमी में विदाई समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पोलमी में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को उनके जुनियर कक्षा छठवीं व सातवीं के विद्यार्थियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने सिनियर छात्र छात्राओं के लिए स्वल्पाहार का आयोजन किया जिसमें विभिन्न रोचक खेल प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम का मंच संचालन और विशेष मार्गदर्शन शिक्षक मनोहर लाल घृतलहरे ने किया। इस विदाई समारोह कार्यक्रम का मुख्य अतिथि श्रीमती निर्मला शिवकुमार धुर्वे जनपद सदस्य क्षेत्र 03, श्रीमती सुनीता मधुरसिंह मराठी सरपंच, रामनाथ करायत उप-सरपंच एवं समस्त पंचगण, प्रधान पाठक भारत यादव, शिक्षक मनोहर लाल घृतलहरे, हीरालाल धुर्दे, घनश्याम कश्यप, फिरतराम धुर्वे, सुमन्त सिंह धुर्द, एसएमसी अध्यक्ष कन्हैया रजक सहित गणमान्य नागरिक व पालक गण तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## जल जीवन मिशन पाइप लाइन को सुधारने जिम्मेदार व जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान



- सुधार व मरम्मत कार्य के अभाव में घरों घर पहुंच रहा गंदा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में शासन प्रशासन द्वारा लाखों रूपए की लागत राशि से जल जीवन मिशन के तहत विशाल पानी टंकी का निर्माण कराया गया साथ ही साथ जल जल योजना के तहत घरों घर पाइप-लाइन बिछाया गया। जिम्मेदारो व जनप्रतिनिधियों की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्राम बरबसपुर में नया पाइप लाइन बिछाई गई और पुराने पाइप लाइन को जैसे के तैसे रख दिया गया जिससे पाइप लाइन क्षतिग्रस्त व टूट-फूट जाने के कारण गलियों में तथा घरों घर पाइप लाइन के माध्यम से गंदा पानी पहुंच रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा टूट-फूट पाइप लाइन की सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी नल जल मिशन योजना का लाभ मिल सकें।

**भाजपा सरकार के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी दी**

# दीपा के ऐतिहासिक जीत पर जनता का आभार होली मिलन में शामिल हुईं भावना बोहरा



हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर

वनांचल क्षेत्रांतर्गत कुकदूर मंडल के ग्राम चियाडांड में आयोजित होली मिलन और श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे के क्षेत्र क्रमांक 1 से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होने पर क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करने पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल हुई। चिंयाडांड़ में नव-निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे का ग्रामीणों द्वारा विधायक के आगमन पर बैगा नृत्य से भव्य स्वागत किया गया, जिसमें कुण्डा, पंडरिया, दुल्लापुर, कुकदुर मंडल सहित आसपास क्षेत्र के बड़ी संख्या में मंडल अध्यक्ष, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता तथा ग्रामवासी गण उपस्थित थें। इस होली मिलन एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में लोक कलाकारों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति से लोगों का मनमोह लिया। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रवासियों, भाजपा के पदाधिकार, कूकदूर मण्डल अध्यक्ष बसंत वाटिया और जिला पंचायत सदस्य दीपा धुर्वे, उत्तम मर्सकोले, चंद्रकुमार सोनी, रविश ठाकुर, रतिराम भट्ट, कृष्णा कुंभकार, संतोष श्रीवास, श्रीमती कुसुम सोनी, बहादुर सोनी, द्वारिका विश्वकर्मा, दशरथ कुंभकार, यशवंत श्रीवास, रोहित परस्ते, कृष्ण, भागसिंह मरावी, भगऊ धुर्वे, मोहित मरावी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। जिस पर विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं नव-निर्वाचित जिला सदस्य श्रीमती दीपा धुर्वे ने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासी को होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही साथ पंडरिया विधानसभा में डबल इंजन भाजपा सरकार के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी दी। होली मिलन समारोह के अंत उन्होंने क्षेत्रवासियों, भाजपा कार्यकर्ताओं, प्रबुद्धजनों एवं वरिष्ठजनों द्वारा आत्मीय स्वागत व आतिथ्य सत्कार के लिए समस्तजनों का आभार व्यक्त किया।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**अनदेखी:** तीस हजार से अधिक परीक्षार्थियों पर नजर रखने नाम मात्र के उड़नदस्ता दल

# पांचवी-आठवीं बोर्ड परिक्षाओं के नाम पर निभाई जा रही महज औपचारिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासन के निर्देश पर वर्षों बाद पुनः चालू शिक्षा सत्र के लिए पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित की जा रही है। 17 मार्च से प्रारंभ हो चुकी इन दोनो ही परिक्षाओं को व्यवस्थित तथा पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने स्कूल शिक्षा विभाग सभी तैयारियां पूर्ण करने का दावा कर रहा है। लेकिन वास्तविकता ये है कि यह तैयारियां महज खाना पूर्ति ही दिखाई दे रही है। ऐसे में कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परिक्षाओं की पारदर्शिता पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक इस वर्ष जिले में कक्षा पांचवी की बोर्ड परीक्षा में 16617 और पूर्व माध्यमिक कक्षा आठवीं की परीक्षा में 17212 परीक्षार्थी शामिल हो रहे है। जानकारी के अनुसार जिले में शासकीय प्राथमिक शाला की संख्या लगभग 983 और पूर्व माध्यमिक शालाओं की संख्या लगभग 494 है इसके अलावा निजी स्कूल भी शामिल हैं। लेकिन सैकड़ों की संख्या में बनाए गए इन परीक्षा केन्द्रों की निगरानी के लिए नाम मात्र के उड़नदस्ता विकासखण्ड स्तर पर गठित किए गए है।

जिसे लेकर परीक्षा की पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। कबीरधाम जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे लगभग तैंतीस हजार बच्चों के लिए मात्र जिला स्तर पर दो और ब्लाक स्तर पर एक-एक उड़नदस्ता टीम गठित किया है। जो समझ से परे हैं। मात्र कबीरधाम जिला में उड़नदस्ता टीम ही नकल को रोकने का प्रयास करेगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया विकासखंड मुख्यालय से ब्लाक का अंतिम स्कूल लगभग 50 किलोमीटर दूर पगडंडियों और पहाड़ियों के बीच में है वैसे ही बोड़ला विकासखण्ड के मुख्यालय से रेंगाखार–खारा के आसपास के स्कूल की दूरी लगभग सौ किलो मीटर है। ऐसी स्थिति में उड़नदस्ता टीम के माध्यम से नकल रोकने की कवायद सिर्फ औपचारिकता जान पड़ रही है।



**बोर्ड परीक्षा के नाम पर नकल की संभावना**

उल्लेखनीय है कि शिक्षा का अधिकार कानून लागू होने के बाद से कक्षा आठवी एवं पांचवी में अध्ययनरत विद्यार्थियों का सिर्फ प्रगति पत्र बनाया जाता था लेकिन इस वर्ष बोर्ड परीक्षा के बाद उनकी अंक सूची बनाई जाएगी। यहां बताना लाजिमी होगा की जिले की स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता पहले से ही सवालों के घेरे में है। अधिकांश शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अक्षर ज्ञान तक नहीं है। कापी कलम पकड़ना और पढ़ना, लिखना तो बहुत दूर की बात है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूलों के शिक्षक तथा स्कूल प्रबंधन अपने स्कूलों का परिणाम बेहतर दिखाने के लिए नकल का सहारा ले सकते हैं।

# वनांचल ग्राम चियाड़ाड में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**पंडरिया विधायक ने दी लोगों को बधाई**



हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदुर

जिले के विधानसभा पंडरिया अंतर्गत वनांचल ग्राम चियाड़ाड में गत दिनो होली मिलन समारोह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय जनता पार्टी कुकदूर मण्डल द्वारा आयोजित इस होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा उपस्थित थी।

इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने मण्डल के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ ही क्षेत्रवासियों को होली की बधाई व शुकामनाएं दी। उन्होने क्षेत्रवासियों को शासन की जनकल्याणकारी योजना की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी कुकदूर मण्डल अध्यक्ष बसंत वाटिया, जिला पंचायत सदस्य दीपा धुर्वे, उत्तम मस्कोले, रतिराम भट्ट, कृष्णा, संतोष श्रीवास, बहादुर सोनी, द्वारिका विश्वकर्मा, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष दशरथ कुम्भकार, उपाध्यक्ष यशवंत श्रीवास, रोहित परस्ते, कृष्ण, भागसिंह मरावी, भगाऊ धुर्वे, मोहित मरावी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## व्यापमं की नई वेबसाइट में पंजीयन प्रारंभ

**कवर्धा।** व्यापमं रायपुर द्वारा आयोजित विभिन्न प्रवेश, पात्रता, भर्ती परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों के प्रोफाइल पंजीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य कर दी गई है। व्यापमं की नई वेबसाइट को 27 फरवरी से शुरू किया गया है। जिन अभ्यर्थियों ने पहले से प्रोफाइल पंजीकरण किया हुआ है उन्हें अपने प्रोफाइल को अद्यतन करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों की सुविधा की दृष्टि से प्रोफाइल पंजीकरण की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे अभ्यर्थी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी बार-बार नहीं भरनी होगी।

**पृष्ठ 09 का शेष**

## एक दिन के अंतराल ...

**नहीं भर पा रहे कूलर-**
लगभग एक सप्ताह में भी शहर के लोगों को दोनों समय पानी नहीं मिलने के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच अब गर्मी की शुरूआत होने की वजह से लोगों ने अपने घरों में कूलर लगा लिया है, लेकिन कूलर में डालने लायक पानी भी नहीं मिल रहा है। पानी की कमी के चलते सूखे कूलर चलाने पड़ रहे हैं।

**दोनों समय जलापूर्ति पहली प्राथमिकता :** सोमवार को नगर निगम में कामकाज का पदभार ग्रहण करते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि उनके पदभार ग्रहण करने के साथ ही राजनांदगांव शहर के लोगों को दोनों टाईम पहले की तरह जलापूर्ति हो यह उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि दोनों समय जलापूर्ति शुरू हो इस पर काम किया जाएगा। जल्द ही व्यवस्था सुधर जाएगी।

**एनीकट में आया पानी :** लगभग एक सप्ताह पहले मोहारा एनीकट में पानी की कमी हो गई थी। जिसकी वजह से मोंगरा बैराज और मटियामोती जलाशय से पानी लिया गया। यह पानी अब मोहारा एनीकट में पहुंच चुका है और फिलहाल के लिए पर्याप्त भंडारण भी है। इस वजह से यह नई व्यवस्था बनाई गई है।

# जिले के जंगल भगवान भरोसे वन अमला कार्यक्षेत्र से नदार

## अवैध कटाई और आग से तबाह हो रहे जिले के जंगल



- जंगलों में धड़ल्ले से चल रही है कुल्हाड़ी व आरा मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के जंगलों से इन दिनो जो खबरे और तस्वीरें निकलकर सामने आ रही है वह जिले में तथा कथित रूप से कार्यरत वन विभाग और वन विकास निगम पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। गौरतलब है कि इन दिनो जिले के किसी वनांचल क्षेत्र के जंगलों में दहकती आग की खबरें सामने आ रही है तो कहीं वन व लकड़ी तस्कर आरा मशीन लिए जंगलों में लगे हरे भरे पेड़ों का सफाचट करते दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यही खड़ा हो रहा है कि वनो की सुरक्षा व विकास का जिम्मा संभालने वाला वन विभाग और वन विकास निगम है कहां? उल्लेखनीय है कि ग्रीष्म ऋतु के इस सीजन में पूरे जिले में अवैध ईंट भट्ठो का कारोबार जोरों से चल रहा है। जिसमें अधिकांश ईंट भट्टा ग्रामीण तथा वनांचल क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे हैं। जिसकी समुचित जानकारी वन विभाग के साथ ही राजस्व विभाग को भी है। लेकिन इन दोनो ही विभागों द्वारा इन अवैध ईंट भट्टों तथा उनके संचालकों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के बोड़ला, तरेगांव और पंडरिया से लेकर कुई कुकदुर तथा कोदवागोड़ान सहित पूरे वनांचलों में ईट भट्ठों का अवैध कारोबार बेधड़क फल फूल रहा है। जिसका बेजा असर क्षेत्र के जंगलों में पड़ रहा है। आलम ये है कि पहले से ही वनाधिकार पट्टे की आड़ में और विभाग की अनदेखी से अवैध कटाई की भेंट चढ़ चुके जिले के बचे खुचे जंगल अब ईट भट्ठों में खपाए जा रहे है। सूत्रों की माने तो ईंट भट्ठो संचालक खुलेआम आरा मशीन और कुल्हाड़ी लेकर अपने ईंट भट्टों से लगे जंगलों में दाखिल हो रहे हैं और हरे भरे पेड़ों को काटकर उन्हें भट्ठों में झोंक रहे हैं। जिन्हें रोकने टोकने वाला कोई नहीं है। इसी प्रकार जिले के जंगलों में लगातार आग लगने की भी खबरें सामने आ रही है। लेकिन वन विभाग के आला अधिकारियों की कार्यवाही सिर्फ आदेश निर्देशों तक ही सीमित दिखाई दे रही है।

**वन विकास निगम कागजों में?**

सूत्रों के मुताबिक जिले के जंगलों के इन विनाश की मुख्य वजह यह है कि वन विभाग और वन विकास निगम का अमला अपने मुख्यालयों में रहता ही नहीं है। भले ही वन विभाग का अमला जंगलों से नदारत रहता है लेकिन अंचल में उसे कार्यालय तो फिर भी दिखाई देते हैं लेकिन वन विकास निगम की बात की जाए तो ऐसा लगता है कि वन विकास निगम का अस्तित्व केवल कागजी है। जिसका जमीन स्वरूप, अधिकारी, कर्मचारी और दफ्तर कही नजर ही नहीं आते। यहीं वजह कि जिले के जंगलों में जंगल राज कायम होते जा रहा है।

**क्षेत्रीय विधायक से हस्ताक्षेप की मांग**

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा जिस ढंग से चालू विधानसभा सत्र में क्षेत्र व प्रदेश से जुड़े जनहित के मुद्दे विधानसभा में उठाए जा रहे हैं ऐसे में क्षेत्र के लोगों ने पंडरिया विधायक से क्षेत्र के जंगलों में मची तबाही को लेकर भी शासन का ध्यान आकृष्ट कराए जाने की मांग की है। लोगों को क्षेत्र की सक्रिय और जागरूक विधायक से अपेक्षा है कि वे जिले के वनांचलों में बीट और सर्किल से लेकर परिक्षेत्र कार्यालय कहां कहां हैं और वहां पदस्थ कर्मचारी कौन हैं? पंडरिया परिक्षेत्र के रहमानकापा, बदौरा, नरसिंहपुर के जंगलों में बीते 10 वर्षों में जो अवैध अतिक्रमण के साथ जंगलों का विनाश हुआ है इस बारे में जांच और दोषी लोगों पर कार्यवाही की मांग शासन सें करें।

# वनमंडलाधिकारी कवर्धा ने अग्नि सीजन 2025 के लिए जारी किए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वनमंडलाधिकारी कवर्धा ने अग्नि सीजन 2025 में 15 फरवरी से 15 जून 2025 के दौरान वनों को आग से बचाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वनक्षेत्र के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। इस दौरान वन क्षेत्रों में आगजनी पर नियंत्रण और बचाव के लिए सतर्कता बरतने के साथ ही प्रभावी कदम उठाने के आदेश दिए गए हैं। वनमंडलाधिकारी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में समिति गठन कर सतत गश्ती करने, स्थानीय ग्रामीणों के साथ संपर्क बनाए रखने और सैटेलाइट से प्राप्त अग्नि सूचनाओं के आधार पर तत्काल फायर पॉइंट पर पहुंचकर आग बुझाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, ग्रामीणों में जागरूकता फैलाने के लिए गांवों में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने, लुक्कड़ नाटक और अन्य प्रचार-प्रसार माध्यमों का उपयोग करने की हिदायत दी गई है। कवर्धा वनमंडल के अंतर्गत सभी उप वनमंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी और स्थानीय वन अमला सैटेलाइट से प्राप्त अग्नि पॉइंट्स पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटे हुए हैं। वनमंडलाधिकारी ने होली त्योहार के दौरान विशेष गश्ती करने और आकस्मिक घटनाओं पर नजर रखने के साथ ही वन और वन्यप्राणियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए हैं।



## लायंस क्लब का होली मिलन समारोह

**कवर्धा।** प्रति वर्ष की भांति लायंस क्लब का पारिवारिक होली मिलन समारोह 16 मार्च रविवार को जी श्याम पैलेस में संपन्न हुआ। लायन अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, माइक्रो चेयरपर्सन नीरज मंजीत छाबड़ा, जोन चेयरपर्सन सुशीला श्रीश्रीमाल, सचिव हरीश गांधी, कोषाध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, वरिष्ठ महिला लायन महेन्द्र छाबड़ा और डॉ. संगीता चौहान ने मंच पर विराजमान होकर कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की। बीपी गुप्ता और रेखराज मूंदड़ा ने नगाड़ों की ताल पर फाग गीत गाए और कुछ फ़िल्मी गीत भी सुनाए। लायन महिलाओं ने भी नगाड़ों की ताल पर होली का आनंद लिया। प्रेमचंद, नीरज, सुशीला, हरीश और संगीता ने अपने सम्बोधन में लायन साथियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली के रंगों की तरह पूरे वर्ष भर उनका जीवन समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और सुख चैन के रंगों से भरा रहे। बीपी गुप्ता ने अपने सम्बोधन में होली की पवित्रता की व्याख्या करते हुए सभी लायंस को बधाई शुभकामनाएं दीं। रेखराज मूंदड़ा और राखी मूंदड़ा के नेतृत्व में लायंस को कई मनोरंजक खेल खिलाए गए। ज्ञात हो कि समाज में आपसी मेलजोल बढ़ाने और सौहार्द समन्वय कायम रखने वाले कार्यक्रम लायंस इंटरनेशनल के सिग्नेचर प्रोग्राम के तहत आयोजित किए जाते हैं। समारोह में उक्त लायंस के अलावा आनंदप्रकाश दानी, संध्या दानी, घनश्याम गुप्ता, डॉ. नरेश कुमार यदु, दुर्गेश केशरवानी, राजेन्द्र ठाकुर, रवि सोनी, देवदत्त ठाकुर, बीपी शर्मा, शेरसिंह पाली, प्रीतम चरखा, अजय गुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।



**मेन मार्केट की सफाई व्यवस्था सुधारने नगर पालिका की पहल**

# नपाध्यक्ष ने जोड़ा हाथ-शहर को सुंदर बनाने में आपकी भागीदारी सबसे महत्तवपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने व्यापारियों से हाथ जोड़कर कहा-शहर को सुंदर बनाये रखने में आपकी सहयोग की आवश्यकता है शहर सुंदर तब बनेगा जब आप जागरूक होगें, उन्होनें कहा कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में आपकी सहभागिता अत्यंत महत्तवपूर्ण है ऋषभदेव चौक से लेकर पुराना नगर पालिका गुरूनानक गेट तक मेन मार्केट क्षेत्र कवर्धा शहर की शान है। इसको स्वच्छ व सुंदर बनाने में नगर पालिका की मदद करें। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज अपने पार्षद टीम रिंकेश वैष्णव, सुनील साहू, अजय ठाकुर, दुर्गेश अवस्थी, डोनेश राजपूत, दीपक सिन्हा, बिहारी राम धुर्वे, सौखी आहिरवार, शंभू देवांगन, हरीश साहू, अनिल साहू, कैलाश कौशिक सहित नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारियों ने ऋषभ देव चौक से लेकर महावीर स्वामी चौक पुराना नगर पालिका गुरूनानक गेट तक पैदल मार्च करते हुए प्रत्येक व्यापारियों तक पहुंचे। उन्होनें हाथ जोड़ा, निवेदन किया कि हमारे नगर पालिका टीम की मदद करें, उन्होनें कहा कि यह मार्ग बहुत ही व्यस्तम होने के साथ-साथ कवर्धा शहर की शान है इस मार्ग के साथ-साथ पूरे कवर्धा शहर को स्वच्छ बनाना है इसी आशा और उम्मीद को लेकर हम आपके दुकान तक पहुंचे है। व्यापारियों के पास जब नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी पहुंचे, तब व्यापारियों ने सहयोग का भरपूर आश्वासन दिया। उनके द्वारा कहा कि आप व आपके टीम द्वारा सफाई व्यवस्था को लेकर सड़क पर उतरे है उसका पूरा ख्याल रखा जायेगा, व्यापारियों ने कहा सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए की गई यह पहल बहुत ही सराहनीय है। नपाध्यक्ष द्वारा दुकानदारों से अपील करना और कचरा डस्टबिन में डालने तथा नगर पालिका के कचरा वाहन में कचरा डालने का निवेदन करना यह दिखाता है कि वे शहर की स्वच्छता को लेकर कितने संवेदनशील हैं। ऐसी पहल न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराती हैं। इस तरह के कदमों से शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार होने की संभावना होती है और नागरिकों में भी साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उम्मीद है कि शहरवासियों का सहयोग मिलेगा और कचरा प्रबंधन में सुधार होगा।



# सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शिखर युवा मंच एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गत दिनो सृष्टि संस्था, गढ़चिरौली महाराष्ट्र में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति का तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह भ्रमण ग्राम नेहारपायली, बोरटोला, वीमनपाली और एरनडीह में संपन्न हुआ। इस भ्रमण का उद्देश्य सदस्यों को सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों, ग्राम सभा एवं समितियों के कार्य संचालन की प्रक्रिया, सतत वन प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण और सामुदायिक आजीविका संवर्धन की नवीनतम तकनीकों को समझना था। इस तीन दिवसीय भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने गठन प्रक्रिया और कार्य प्रणाली, ग्राम सभा सशक्तिकरण एवं महाग्रामसभा गठन प्रक्रिया, दस्तावेज संधारण एवं खाता प्रबंधन की प्रक्रिया, दस्तावेज संधारण एवं खाता प्रबंधन की प्रक्रिया, वन संरक्षण एवं संवर्धन के प्रभावी उपाय पर गहन अध्ययन किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में कबीरधाम जिले के सीएफआर प्राप्त ग्राम जामपानी, को ट ना पा नी , कुकरापानी एवं भरतपुर के सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के सदस्य तथा शिखर युवा मंच की टीम सहित कुल 20 प्रतिभागी शामिल हुए। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने सामुदायिक अधिकारों एवं वन संरक्षण के संबंध में महत्वपूर्ण समझ विकसित की।

